हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस
वर्ष : 13 अंक : 67 देहरादून, शुक्रवार, 30 अगस्त, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 8



मुख्यमंत्री ने सबकी सहमति से की राजाजी टाइगर रिजर्व के निदेशक की नियुक्ति : सुबोध उनियाल
3

# प्रधानमंत्री ने देश को दिया खेल में मजबूत आधार : सीएम धामी







**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 30 अगस्त : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बहुउद्देशीय क्रीडा भवन, परेड ग्राउंड देहरादून में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सभी को खेल दिवस की शुभकामना दी तथा हॉकी के जादूगर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पेरिस ओलंपिक 2024 में प्रतिभाग करने वाले उत्तराखंड के 4 खिलाड़ियों ( लक्ष्य सेन, परमजीत सिंह, सूरज पंवार, अंकिता ध्यानी को 50 - 50 लाख की धनराशि के चेक प्रदान किये।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर उत्तराखंड में आयोजित होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेल की वेबसाइट का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम में राज्य के खिलाड़ियों को एक ही स्थान पर अपना पंजीकरण करने एवं उपलब्धियां दर्ज करने के उद्देश्य से UKSRS पोर्टल भी लाचं किया गया है। उन्होंने उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के 3900 ( 1950 बालक एवं 1950 बालिकाएं) खिलाड़ियों को डी.बी.टी के माध्यम से कुल 58 लाख 50 हज़ार रूपये की छात्रवृत्ति वितरित की। मुख्यमंत्री ने 269 राष्ट्रीय, 58 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों एवं 65 प्रशिक्षको, इस प्रकार कुल 392 लोगों को डी.बी.टी के माध्यम से 7 करोड़ 4 लाख की पुरस्कार धनराशि का भी वितरण किया।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान घोषणा की कि महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, देहरादून के छात्रों हेतु खेल गतिविधियों से जुड़ी स्नातक कक्षाओं को भी प्रारंभ किया जाएगा। जिसे निर्माणाधीन खेल विश्वविद्यालय के साथ जोड़ा जायेगा। मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत चयनित 2600 खिलाडियों में से 10 प्रतिशत खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर चयनित कर विशेष प्रशिक्षण दिये जाने की व्यवस्था की जायेगी। भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा संचालित टारगेट ओलम्पिक पोडियम योजना की भांति राज्य सरकार द्वारा भी टारगेट इंटरनेशनल पोडियम योजना संचालित की जायेगी। जिससे कि उत्तराखण्ड राज्य के खिलाड़ियों को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक अर्जित करने में सहायता प्राप्त होगी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मेजर ध्यानचंद का खेल के क्षेत्र में दिया गया योगदान प्रेरणादायी है। पेरिस ओलंपिक में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियो एवं पैरा ओलंपिक में प्रतिभाग करने जा रहे सभी खिलाड़ियों को भी शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा उत्तराखंड के जिन खिलाडियों ने पेरिस ओलंपिक तक का सफर तय किया है, यह अभी इन खिलाडियों की शुरूवात है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश भर में खेल एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने हेतु हर स्तर पर अभिनव प्रयास किए जा रहे हैं। देश के हर खिलाड़ी को प्रोत्साहित करने के लिए प्रधानमंत्री निरंतर उनसे संवाद करते हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में खेल के लिए मजबूत आधार तैयार किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। खेल एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नई खेल नीति लागू की गई है। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न सरकारी नौकरियों में प्रमोशन देने की शुरुआत की गई है। इसके तहत 31 खिलाड़ियों को सरकारी विभागों में नियुक्ति प्रदान की है। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में खेल विश्वविद्यालय बनाने के लिए विधेयक भी पास कर दिया गया है। राज्य में खेल विश्वविद्यालय बनने से हमारे खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय प्रशिक्षण, सुविधायें एवं अवसर प्राप्त होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री खेल विकास निधि की स्थापना की है। जिसमें पूर्व निर्धारित धनराशि में 100 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों के लिए खेल किट खरीदने हेतु दी जाने वाली धनराशि को 3 हजार से बढ़ाकर 5 हजार किया गया है। राज्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। राज्य में उत्तराखंड खेल रत्न पुरस्कार एवं हिमालय खेल रत्न पुरस्कार भी प्रदान किया जा रहा है। राज्य सरकार ने खेल कोटे को फिर से लागू कर दिया है। खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के साथ खेल अवस्थापनाओं को भी मजबूत किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में मौजूद विभिन्न खेल मैदानों को राष्ट्रीय स्तर के मैदानों के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा राज्य के लिए हर्ष का विषय है कि प्रदेश को 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी करना राज्य के लिए बड़ा अवसर है।खेल मंत्री रेखा आर्य ने राष्ट्रीय खेल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद जी को समर्पित है। उन्होंने पहले के समय में चुनौतियों का सामना करते हुए पूरी दुनिया में देश का नाम रोशन किया। आज अभिभावक अपने बच्चों को खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ा रहे हैं। जब मेहनत और जुनून की पराकाष्ठा पार हो तब परिणाम जादूगरी में ही दिखते हैं। उन्होंने कहा खिलाड़ी की उपाधि आसान नही है। खिलाड़ी असंभव कार्य को संभव करके दिखाता है। मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा खेल के क्षेत्र में ऐतिहासिक योजनाओं का संचालन किया जा रहा है।

खेल मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के तहत खिलाड़ियों के चयन एवं उनके लिए संसाधनों हेतु आर्थिक सहयता प्रदान की जा रही है। राज्य में खिलाड़ियों के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गई है। सरकार द्वारा स्पोर्ट्स डेवलपमेंट फंड की व्यवस्था की जा रही है। जल्द ही खेल सामग्री का वितरण भी किया जाएगा। 38वें राष्ट्रीय खेल की मेजबानी उत्तराखंड राज्य को मिली है, जिसके लिए सारी तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी हैं। इस अवसर पर विधायक खजान दास, विशेष प्रमुख सचिव खेल अमित सिन्हा, निदेशक खेल जितेंद्र सोनकर एवं खेल जगत से जुड़ प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# उत्तराखंड में महिला सुरक्षा का तंत्र और होगा मजबूत

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 30 अगस्त, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर पांच सदस्यीय कमेटी गठित हुई है ये कहना है आशा नौटियाल का, जो मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का प्रदेश महिला मोर्चा ने आभार जता रही थीं.... 30 अगस्त देहरादून, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी महिलाओं के सुरक्षा तंत्र को और मजबूत करने की दिशा में गंभीरता पूर्वक काम कर रहे हैं। उनके निर्देश पर डीआईजी कानून व्यवस्था पी रेणुका देवी की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है ।

भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कमेटी गठित करने के निर्देश देने पर आभार जताया है उनका कहना है कि प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा के लिए संजीदगी के साथ में काम कर रही है। महिला अपराध पर अंकुश लगाने के लिए और प्रभावी कदम क्या उठाये जा सकते हैं इसके लिए डीआईजी कानून व्यवस्था की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया है इससे साफ है कि कमेटी महिलाओं की सुरक्षा के लिए सरकार को सिफारिश देगी और उसके आधार पर महिलाओं की सुरक्षा को और सशक्त किया जाएगा।

भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल का कहना है कि इससे सरकार की संवेदनशीलता प्रदर्शित होती है सरकार महिलाओं को सुरक्षा को लेकर कितनी गंभौर है । प्रदेश में महिला सुरक्षा के तंत्र को और सशक्त बनाया जा सके। इस दिशा में सरकार आगे बढ़ रही है । उनका कहना है कि प्रदेश सरकार ना सिर्फ महिलाओं की सुरक्षा पर फोकस कर रही है बल्कि महिला अपराध को रोकने की दिशा में और कठोर कदम उठाने का प्लान तैयार कर रहीं है।

उनका कहना है कि इसके लिए कमेटी का गठन किया है यह एक सराहनीय कदम है क्योंकि सरकार महिलाओं की सुरक्षा को और मजबूत करना चाहती है साथ ही महिला अपराध करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कठोर कार्रवाई करना चाहती है उसे दिशा में सरकार ने डीआईजी कानून व्यवस्था की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया है।



# इन 6 कारणों से इंजीनियरिंग करने वालों को नहीं मिल पाती नौकरी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 30 अगस्त : बचपन से आपने एक बार जरूर सुनी होगी... मेरा बेटा या बेटी इंजीनियर, डॉक्टर या आईएएस अधिकारी बनेगा या बनेगी. इसमें इंजीनियरिंग को ज्यादा सीरियसली लेने वालों की संख्या हमेशा अधिक रही. इसके पीछे वजह ये थी कि एक समय था जब इंजीनियरिंग सेक्टर में जॉब्स की भरमार भी और इस प्रोफेशन में आना एक सम्मानजनक बात समझी जाती थी. सम्मान तो अब भी है, लेकिन अब जॉब नहीं है.

साल 2023 के रिपोर्ट्स बताते हैं कि इंजीनियरिंग करने वाले सिर्फ 10 फीसदी छात्रों को ही नौकरी सुनिश्चित हो पा रही है. यहां तक कि आईआईटी से इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वालों को भी जॉब के लाले हैं. इसके पीछे क्या वजह हो सकती है. आइये जानते हैं।

वास्तव में इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के बावजूद छात्र जब नौकरी के लिए कंपनियों के पास पहुंचते हैं तो कंपनियों को उनमें वो स्किल नहीं दिख पाता, जो जॉब के लिए जरूरी है. इस वजह से बहुत सारे इंजीनियरिंग छात्रों को डिग्री तो मिल जाती है, लेकिन स्किल न होने के कारण जॉब नहीं मिल पाती।

परंपरागत रूप से, आईआईटी जैसे बडे संस्थानों मे हाई सैलरी वाली जॉब प्लेसमेंट होती रही है. लेकिन इंजीनियरिंग ग्रेजुएट्स की बढ़ती संख्या ने प्रतिस्पर्धा को बढ़ा दिया है, जिससे सभी छात्रों के लिए इस रास्ते अपने लिए मनचाहा जॉब पाना चुनौतीपूर्ण हो गया है।

जबकि तकनीकी दक्षता आवश्यक है, नियोक्ता तेजी से कम्युनिकेशन, टीमवर्क और समस्या-समाधान जैसे मजबूत सॉफ्ट स्किल वाले उम्मीदवारों की तलाश कर रहे हैं. कई इंजीनियरों में इन कौशलों की कमी होती है, जिससे उनकी रोजगार क्षमता में बाधा आती है। आर्थिक उतार-चढ़ाव और उद्योग की प्राथमिकताओं में बदलाव इंजीनियरों के लिए नौकरी की उपलब्धता को प्रभावित कर सकते हैं. मसलन, आईटी और ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्र, जो कभी प्रमुख भर्तीकर्ता थे, मंदी का अनुभव कर रहे हैं, जिससे नौकरी के अवसर प्रभावित हो रहे हैं।

# क्या आपको पता है Hotal और Motel के बीच क्या है अंतर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




ब्यूरो रिपोर्ट 30 अगस्त : परिवार के साथ कोई वेकेशन प्लान कर रहे हों या फिर दोस्तों के साथ गोवा के ट्रिप की तैयारी हो. कुछ सवाल सबसे पहले दिमाग में आते हैं. जैसे रुकने की व्यवस्था क्या होगी और कहां-कहां घूमेंगे... इन सारे सवालों के साथ जब भी आप रुकने या ठहरने की बात सोचते हैं तो सबसे पहले दिमाग में आते हैं होटल्स. अगर किसी ट्रिप के दौरान शानदार रुकने की व्यवस्था हो जाए तो आपकी इस यात्रा का मजा दुगना हो जाता है. स्टे की बात करें तो दो शब्द सामने आते हैं, एक है होटल और दूसरा है मोटल. इनके बारे में आपने सुना तो खूब होगा, लेकिन क्या आप जानते हैं Hotel और Motel में आखिर क्या अंतर होता है. चलिए आपको बताते हैं।

दरअसल Hotel और Motel दोनों ही लोगों को ठहरने की सुविधा देते हैं. लेकिन जितना बारीक अंतर आपको इनके नामों में में नजर आएगा, उतना ही अंतर आपको इनके काम में भी नजर आएगा. आइए जानते हैं दोनों के बीच के असली फर्क क्या है.

1. लोकेशनः होटल आमतौर पर शहरों, पर्यटन स्थलों या बिजनेस सेंटर्स के बीच स्थित होते हैं. अगर आपको किसी शहर को घूमना हो, तो आपको ठहरने के लिए वहां होटल मिलेंगे, मोटल नहीं. दरअसल होटल की डिजाइन और आर्किटेक्चर में इस बात का पूरा ध्यान रखा जाता है कि इसमें ठहरने पर आपको आरामदायक और लग्ज़री अनुभव मिल सके. जबकि वहीं मोटल शहर के बीच नहीं बल्कि आमतौर पर हाईवे या मुख्य सड़कों पर बने होते हैं. मोटल का कॉन्सेप्ट पुराने समय की 'सराय' से बना है, जो यात्रा करने वाले यात्रियों को रात में ठहरने की सुविधा देते थे. मोटल का मतलब मोटर लॉज से है. यानी ऐसी जगह जहां आपके साथ-साथ आपके वाहने को भी पार्क करने की सही सुविधा मिले .

2. फेसेलिटी और सर्विसः होटल में जहां आपको कई तरह की लग्जरी सुविधाएं मिल जाएगी, वहीं मोटल आपको रात गुजारने के लिए या कहें बेसिक सुविधाएं ही उपलब्ध कराता है. होटल में रेस्तरां, पूल, स्पा, जिम, बिजनेस सेंटर या रूम सर्विस जैसी सुविधाएं मिलती हैं. मोटल में साधारण सुविधाएं होती हैं, जैसे कि बेसिक कमरे, मुफ्त पार्किंग और नाश्ते की सुविधा.

3. रुकने का समयः होटल में अक्सर हम लंबे समय के लिए रुक सकते हैं. जब भी आप किसी शहर को घूमने जाएं, या बिजनेस मीटिंग पर जाएं तो आप होटल ही चुनते हैं. जबकि Motel मुख्यतः ट्रांजिट के लिए होते हैं, जहां लोग अपने ट्रैवल के दौरान एक रात या दो रात के लिए ठहरते हैं.

4. बजटः Hotel के कमरे में आपको काफी लग्जरी मिलती है, इसलिए अक्सर उनका करिया काफी ज्यादा होता है. जबकि Motel के कमरे अपेक्षाकृत आपको कम कीमत में मिलते हैं. इसका उद्देश्य बजट-फ्रेंडली ऑप्शन देना है।

# ये है दुनिया का सबसे बड़ा घर, 1788 कमरे 257 बाथरूम, सोने के हैंडल से खुलता है दरवाजा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 30 अगस्त : ये है दुनिया का सबसे बड़ा घर, 1788 कमरें 257 बाथरूम, सोने के हैंडल से खुलता है दरवाजा40 साल पहले करीब 12000 करोड़ की लागत से बने यह घर ब्रुनेई में स्थित है। और इसे इस्ताना नुरुल ईमान कहा जाता है। जो ब्रुनेई के सुल्तान का महल भी है।आर्किटेक्ट लिएंड्रो वी. लोक्सिन (फिलीपींस) द्वारा डिजाइन किया गया, खुआन च्यू (यूके) द्वारा इंटीरियर डिजाइन के साथ, महल का निर्माण अयाला कॉर्पोरेशन ने किया गया था।कितना बड़ा यह महल 200,000 वर्ग मीटर (2,152,782 फीट$^2$) में फैला है और इसमें 1,788 कमरे हैं।

इसमें 257 बाथरूम, 5,000 मेहमानों के लिए बैंक्वेट हॉल हैकार गैराज भी शानदार 110 कारों के लिए गैरेज, 200 पोलो घोड़ों के लिए वातानुकूलित अस्तबल और पांच स्विमिंग पूल भी हैं।गिनीज बुक में जगह महल को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में जगह मिली है। जो कि दुनिया का सबसे बड़ा महल है।सरकार यही से चलती है ब्रुनेई के 29वें सुल्तान हसनल बोलकिया का महल है और सरकार वह यही से चलाते हैं। सारे महल फीके यह महल इतना बड़ा है कि इसके आगे दुनिया के सारे महल फीके हैं।

# खाद नहीं सिर्फ पानी पीता है ये पौधा!, इसकी खेती 2 महीने में ही बना देगी लखपति

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 30 अगस्त : पिछले कुछ सालों से खेती में हो रहे नुकसान से परेशान किसानों ने फसल चक्र में बड़ा परिवर्तन किया है. अब वे केवल गेहूं और धान की फसल पर निर्भर नहीं रहते हैं. परंपरागत खेती से हटकर अब वे जैविक तरीके से खेती कर रहे हैं और कम भूमि में सब्जियों की खेती कर रहे हैं।

इस नई विधि से न केवल लागत में कमी आई है, बल्कि बंपर उत्पादन भी हो रहा है. खासतौर पर नारी की फसल में, किसान केवल सिंचाई के माध्यम से ही अच्छा उत्पादन कर रहे हैं, जिससे उनकी कमाई में तगड़ा इजाफा हो रहा है.कमालगंज क्षेत्र के उस्मानगंज निवासी किसान प्रवीण ने बताया कि नारी की खेती करना आसान है. इसमें कम मेहनत लगती है, और इसके पौधे तेजी से बढ़ते हैं. इस वजह से हर आठ दिन में खेत से नारी की बिक्री होती है, जिससे एक माह में ही किसान पचास हजार रुपये तक की कमाई कर लेते हैं. प्रवीण बताते हैं कि वे नारी की फसल में जैविक उर्वरक का प्रयोग करते हैं, जिससे इसमें रोग भी कम लगते हैं और कोई अतिरिक्त खर्च नहीं आता है।

किसान प्रवीण बताते हैं कि वे अपने यहां मवेशी पालते हैं, जिनसे मिलने वाले जैविक खाद को वे खेतों में प्रयोग करते हैं. इससे न केवल उनकी लागत बचती है, बल्कि फसल का उत्पादन भी बढ़ जाता है. नारी की फसल को तैयार करने के लिए वे एक माह पहले ही बीजों को रोप देते हैं और जब पौधे बड़े हो जाते हैं, तो उन्हें खेत में लगा देते हैं. ये पौधे नर्सरी और बाजार में भी आसानी से मिल जाते हैं.नारी की फसल तैयार करने के लिए किसान सबसे पहले खेत को समतल करके उसमें जैविक खाद मिला देते हैं. इसके बाद क्यारियां बनाकर उसमें सिंचाई करते हैं और बीजों को रोप देते हैं. जब पौधे बड़े हो जाते हैं, तो उन्हें काटकर समय पर बाजार में बेच देते हैं।

# मुख्यमंत्री ने सबकी सहमति से की राजाजी टाइगर रिजर्व के निदेशक की नियुक्ति : सुबोध उनियाल








न्यूज़ वायरस नेटवर्क

■ सीएम धामी ने सर्वसम्मति से लिया फैसला - सुबोध उनियाल

■ तथ्यहीन खबर पर वनमंत्री ने जताई नाराज़गी

देहरादून 30 अगस्त : राजाजी टाइगर रिजर्व के प्रमुख की नियुक्ति के लिए सभी को दरकिनार करने की खबरों का विभागीय मंत्री सुबोध उनियाल ने खंडन किया है। उन्होंने साफ़ कहा है कि मुख्यमंत्री द्वारा राजाजी टाइगर रिजर्व के निदेशक की नियुक्ति के लिए मंत्री और मुख्य सचिव को दरकिनार करने संबंधी मीडिया रिपोर्ट बेबुनियाद है और यह तथ्य बिलकुल गलत है क्योंकि यह निर्णय उनकी और सीएम की सहमति के बाद लिया गया है। मंत्री उनियाल ने कहा, ₹मीडिया में ऐसी रिपोर्ट आई है कि सीएम ने राजाजी टाइगर रिजर्व के निदेशक की नियुक्ति के लिए मंत्री, मुख्य सचिव और बाकी सभी को दरकिनार कर दिया है यह गलत है।

मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि ये निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया है, यह सीएम और मेरी सहमति के बाद किया गया है। जहां तक सीबीआई जांच की मीडिया रिपोर्ट का सवाल है, तो कई मामलों में कई लोगों के खिलाफ सीबीआई जांच चल रही है। उनके खिलाफ कुछ पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की गई है। सीबीआई जांच का मतलब यह नहीं है कि विभाग में सभी को दोषी माना जाए।₹ मीडिया रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि सीएम पुष्कर सिंह धामी ने राजाजी टाइगर रिजर्व के प्रमुख को नियुक्त किया, जिन्हें कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के प्रमुख पद से हटा दिया गया था।

## निकाय चुनावों की तैयारी में जुटी कांग्रेस, बैठकर तैयार की भविष्य की रणनीति

हरिद्वार। कांग्रेस के मध्य हरिद्वार के ब्लॉक के पदाधिकारियों की बैठक में निकाय चुनाव की तैयारियों पर विचार किया गया। बैठक में पार्टी से मेयर और पार्षद के पदों के लिए प्रत्याशियों के चयन का आधार क्या होना चाहिए और कैसे जीत मिल सकती है। इस पर भी विचार विमर्श किया गया। पार्टी के मध्य हरिद्वार ब्लॉक अध्यक्ष विकास चंद्रा के नेतृत्व में समर्थ अग्रवाल के निवास पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता वीरेंद्र भारद्वाज ने की। युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष कैश खुराना और मनोज सैनी ने कहा कि एकजुट होने से ही निकाय चुनाव में जीत हासिल की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन सत्ता के दबाव में कॉरिडोर मामले में व्यापारियों को गुमराह कर रहा है। युवा नेता नमन अग्रवाल और मनोज जाटव ने कहा कि हमें अपनी एकजुट रहकर फिर से मेयर और पार्षदों के पद पर जीत हासिल करनी होगी। इसके लिए पार्षद प्रत्याशियों का चयन उसकी पार्टी के प्रति निष्ठा और कार्यों को देखकर किया जाए।

# खेल दिवस के अवसर पर किया क्रास कन्ट्री दौड, कबडी, बैडमिंटन व हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन

चमोली। खेल दिवस के अवसर पर खेल विभाग द्वारा क्रास कन्ट्री दौड, कबडी, बैडमिंटन व हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की चित्र पर माल्यार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने स्थान प्राप्त करने वाले सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए।

खेल विभाग चमोली द्वारा गुरुवार को स्पोटर्स स्टेडियम गोपेश्वर से घिघंराण मोटर मार्ग पर चिन्हित स्थलों तक बालक एवं बालिकाओं की क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया। अण्डर 17 बालकों की 03 कि.मी. दौड़ में 113 बालकों ने भाग लिया। जिसमे रितुल ने प्रथम, अमन ने द्वितीय तथा तनिश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक ओपन वर्ग की 05 कि.मी. दौड़ में 55 बालकों ने भाग लिया जिसमें विजय सिंह ने प्रथम, दिगम्बर ने द्वितीय, चन्दन सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अण्डर बालिका वर्ग की 03 कि0मी0 दौड़ में 74 बालिकाओं ने भाग लिया। जिसमें आरूषी नेगी ने प्रथम, बेबी ने द्वितीय, हिमानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका ओपन वर्ग की 05 कि.मी. दौड़ में 48 बालकों ने भाग लिया। जिसमें दिया को प्रथम, सावित्री ने द्वितीय तथा ऊषा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

सीनियर वर्ग की मेजर ध्यानचन्द्र हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिमसें 08 टीमों ने प्रतिभाग किया है गुरुवार को प्रथम सेमीफाइनल जीआईसी गोपेश्वर की ए टीम व टाईगर वॉरीयर तथा द्वितीय सेमीफाइनल गोपीनाथ क्लब गोपेश्वर व यूपीएस गोपेश्वर के मध्य खेला जा रहा है

इसके अतिरिक्त बालक सीनियर वर्ग की कबड्डी, बैडमिन्टन (पुरूष एकल एवं युगल वर्ग) महिला वर्ग (एकल वर्ग), पुरूष वर्ग(40 वर्ष से अधिक) के लिए नीबू चम्मच दौड एवं महिला वर्ग(20से 40 वर्ष तक) के लिए रस्सी कूद एवं पुरूष वर्ग की बोरा दौड़ का आयोजन भी किया जा रहा है।

इस अवसर पर सर्व श्री आदर्श पन्त बी0ओ0 दशोली, हेम पुजारी वरिष्ठ खिलाड़ी, खेल विभाग से जयवीर सिंह रावत एवं विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के शिक्षक व खेल प्रेमी जनता एवं खिलाड़ियों के अभिभावक मौजूद थे।

## टिहरी के युवाओं ने पीसीएस परीक्षा में दिखाया दम

नई टिहरी। उत्तराखंड लोकसेवा आयोग की ओर से आयोजित पीसीएस परीक्षा 2021 का परिणाम घोषित हो गया है। परीक्षा में विभिन्न पदों पर टिहरी जिले के युवाओं ने भी सफलता हासिल की है। युवाओं की सफलता पर परिजन और सगे संबंधियों ने खुशी जताई है। जौनपुर ब्लॉक के डांडा की बेली और वर्तमान में नई टिहरी निवासी आकाश बेलवाल का चयन बीडीओ पद के लिए हुआ है। उनके पिता आनंद सिंह बेलवाल जिला न्यायालय में अधिवक्ता हैं, जबकि मां सरोज बेलवाल शिक्षिका हैं। आकाश की शिक्षा नई टिहरी के बीवीएस और कान्वेंट स्कूल से हुई है। जबकि बीटेक की पढ़ाई रुड़की कोर इंजीनियरिंग कालेज से हुई है। उन्होंने घर पर रहकर ही तैयारी कर इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता पाई है। वहीं नई टिहरी के बौराड़ी निवासी आशीष सिंह गुसाईं का चयन भी सहायक आयुक्त राज्य कर के लिए हुआ है। वर्तमान में वह चंपावत में नायब तहसीलदार पद पर कार्यरत हैं। उनके पिता धर्म सिंह गुसाईं शिक्षक और मां मंजू देवी गृहणी है। आशीष की शिक्षा विद्या मंदिर नई टिहरी से हुई है। वह बोर्ड परीक्षा के टॉपर भी रहे हैं। इससे पहले उनका चयन वन विभाग में रेंजर पद पर भी हो चुका है। सफलता का श्रेय परिजनों और गुरुजनों को दिया है। कहा कि सेल्फ स्टडी से उन्हें सफलता मिली है। प्रतापनगर के लिखवार गांव निवासी सचिन पैन्यूली का चयन सहायक निदेशक वनस्पति विज्ञान में हुआ है। उनके भाई व लिखवारगांव के प्रधान चंद्रशेखर पैन्यूली ने बताया कि सचिन शुरू से ही मेहनती रहे हैं। उनके पिता अनिल पैन्यूली उप प्रभागीय वनाधिकारी नरेंद्रनगर के पद पर तैनात हैं। सचिन वर्तमान में गढ़वाल विवि से पीएचडी भी कर रहे हैं।

## मुख्य बाजार में पशु छोड़ने पर होगी कार्रवाई

पौड़ी। जिले के मुख्य बाजारों व कस्बों में अपने पशुओं को छोड़ने वालों पशुस्वामियों पर पुलिस द्वारा कार्रवाई की जाएगी। पुलिस द्वारा जिलेभर में 1 से 15 सितंबर तक विशेष अभियान चलाकर पशुओं को बाजारों में छोड़ने वालों पर कार्रवाई करेगी। एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि लावारिस घूम रहे पशुओं के चलते लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, इन पशुओं के कारण लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। जबकि कुछ तो सड़क में खड़े ये पशु सिंग से मारकर चोटिल कर रहे हैं। इनके कारण सड़क दुर्घटनायें होती रहती हैं और सड़क दुर्घटना होने की प्रबल आशंका भी बनी रहती है। बताया कि जिले के सभी थाना प्रभारियों को पशुओं को छोड़ने वाले पशु स्वामियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई के निर्देश दिए गए है। बताया कि पशुओं को बाजारों, सड़कों पर नहीं छोड़ने को लेकर भी लोगों को जागरूक किया जाएगा। इसके बावजूद भी अगर कोई पशु स्वामी अपने पालतू पशु को छोड़ता है तो उसके विरुद्ध गो वंश संरक्षण अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी ने पशुस्वामियों से अपने पशुओं का पशुपालन विभाग में रजिस्ट्रेशन करवाकर टैग अवश्य लगवाने, पशुओं को बाजारों, सड़कों में लावारिस नहीं छोड़ने की अपील भी की है।

## कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

पौड़ी। महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष के साथ रुद्रपुर में पुलिस पर बर्बरता का आरोप लगाते हुए गुरुवार को कांग्रेसियों ने जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर सरकार का पुतला फूंका। को कांग्रेसियों ने डीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए कहा कि बीते दिनों ऊधमसिंहनगर जिले में एक महिला के साथ दुष्कर्म कर हत्या का मामला सामने आया था। जिस पर महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ पीड़िता के परिवार को न्याय दिलाने को लेकर प्रदर्शन किया था। आरोप लगाया कि प्रदर्शन के दौरान पुलिस की ओर से महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला के साथ बर्बरता की गई।

## क्रॉस कंट्री दौड़ में निधि व सत्यम रहे अव्वल

पौड़ी। क्रॉस कंट्री दौड़ बालिका वर्ग में निधि नेगी ने पहला, ममता ने दूसरा, प्रियांशी ने तीसरा और मानसी ने चौथा स्थान प्राप्त किया। जबकि बालक वर्ग में सत्यम कुमार प्रथम और अनूप द्वितीय स्थान पर रहे। क्रॉस कंट्री दौड में विजेता खिलाड़ियों को जिला युवा कल्याण अधिकारी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने खेल प्रतिभागियों को कहा कि पठन-पाठन के साथ-साथ खेल गतिविधियों से भी लगाव रखना चाहिए। जिससे बड़े स्तर पर होने वाले खेलों में वह बेहतर प्रदर्शन कर अपने जनपद व गांव का नाम रोशन कर सकेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### क्रॉस कंट्री दौड़ में आकाश चौहान और आंचल रावत प्रथम

हरिद्वार। उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के अवसर पर क्रास कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया। बालक वर्ग में आकाश चौहान और बालिका वर्ग में आंचल रावत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्र-छात्राओं को विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार शास्त्री और कुलसचिव गिरीश कुमार अवस्थी, उपकुलसचिव दिनेश ने सम्मानित किया। विश्वविद्यालय के खेल अधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर शर्मा ने बताया कि हॉकी के जादूगर के नाम से विश्व में प्रसिद्ध हुए मेजर ध्यानचंद का जन्मदिन खेल प्रेमियों और शिक्षण संस्थाओं में खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्वविद्यालय में इस अवसर पर छात्र छात्राओं के लिए क्रास कंट्री दौड़ का सफल आयोजन किया गया।

### एक राज्य एक चुनाव के लिए हरिद्वार जिले से मांगा सहयोग

हरिद्वार। उत्तराखंड त्रिस्तरीय पंचायत संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने गुरुवार को हरिद्वार के तीन ब्लॉक प्रमुखों से मुलाकात कर एक राज्य एक पंचायत चुनाव के लिए सहयोग मांगा। तीनों ब्लॉक प्रमुखों ने इसके लिए त्रिस्तरीय पंचाय प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर प्रस्ताव पर विचार का आश्वासन दिया है। डामकोठी में उत्तराखंड त्रिस्तरीय पंचायत संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने लक्सर, बहादराबाद और भगवानपुर ब्लॉक प्रमुख से मुलाकात की। इस दौरान संगठन के प्रदेश संयोजक जगत मर्तोलिया ने कहा कि राज्य के 12 जिलों में चुनाव को लेकर आंदोलन चल रहा है। आंदोलन में हरिद्वार जिला भी अपना सहयोग दे। 12 जिलों में तीनों स्तर की पंचायतें एक मंच पर आ गई हैं। हरिद्वार जिले के प्रतिनिधि दो वर्ष का कार्यकाल बढ़ाए जाने की मांग को लेकर आंदोलन में अपना सहयोग देकर एक राज्य, एक पंचायत चुनाव के सपने को पूरा करने के लिए आगे आएं।

### रिप के सहयोग से महिलाओ को लखपति बनाने का लक्ष्य साकार हो रहा

हरिद्वार। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत श्यामपुर पंचायत मे रिप की ओर से आयोजित बैठक में ग्रामीण महिलाओं को रोजगार सृजन पर समीक्षा की गई। ग्रामीण परिवार की महिलाओं को स्वयं सहायता समूह के माध्यम से उनकी आजीविका बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं संचालित की जा रहीं हैं। जिसमें लालढांग क्षेत्र में रिप के माध्यम से महिलाओ को आर्थिक मदद और रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। सहायक परियोजना निदेशक नवनीत घिल्डियाल ने कहा कि ग्रामीण परिवार की महिलाओं को स्वयं सहायता समूह के माध्यम से उनकी आजीविका बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं संचालित की जा रहीं हैं। लालढांग को सीएलएफ माडल के रूप में चयनित किया गया है। वर्तमान में समूह में 15 सौ से अधिक महिलाएं जुड़कर अपनी आजीविका चला रहीं हैं। अभिनंदन समूह की अध्यक्ष कृष्णा रावत ने कहा कि समूह से जुड़कर महिलाओं को स्थाई आजीविका के अवसर प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। रिप परियोजना के सहायक प्रबंधक कर्म सिंह फरस्वाण ने कहा कि हरिद्वार में 24 सीएलएफ के साथ काम किया जा रहा है। जिसमें महिलाओं को एक लाख, दो लाख और तीन लाख तक की राशि रोजगार सृजन के लिए सशर्त दी जाती है। जिसमें बैंक का भी अनुदान होता है।

### 15 सितंबर तक राशन कार्ड का कराए सत्यापन

हरिद्वार। जिला खाद्य पूर्ति अधिकारी तेज बल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की राज्य खाद्य योजना (पीले राशन कार्ड) और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना (सफेद और गुलाबी राशन कार्ड) के जीन राशन कार्ड धारकों ने अभी तक अपने राशन कार्ड का ऑनलाईन सत्यापन नहीं कराया है। वह सभी कार्ड धारक सभी पारिवारिक सदस्यों के आधार कार्ड, मुखिया का पासपोर्ट साईज फोटों, बैंक पासबुक की छायाप्रति, मोबाईल नंबर और राशनकार्ड की छायाप्रति आदि कागज जिला पूर्ति कार्यालय, क्षेत्रीय खाद्य कार्यालयों और अपने सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं को 15 सितंबर तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। निर्धारित तारीख तक सत्यापन नहीं करने पर राशनकार्ड और यूनिटों को विभागीय पोर्टल से निरस्त की जाएगी।

# ऋषिकेश : रोमांच के शौकीनों को अभी करना पड़ेगा और इंतजार...एक सितंबर से शुरू नहीं होगी राफ्टिंग

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून 30 अगस्त : 30 जून 2024 को गंगा में राफ्टिंग का संचालन बंद हो गया था। सितंबर माह को शुरू होने में महज दो दिन का समय रह गया है, लेकिन पर्यटन विभाग की ओर से अभी तक रिवर राफ्टिंग के लिए कोई तैयारियां नहीं की गई है, इसका कारण गंगा का जलस्तर है।

राफ्टिंग के शौकीनों को अभी और इंतजार करना पड़ेगा। गंगा का जलस्तर बढ़ने पर पर्यटन विभाग की ओर से एक सितंबर से गंगा में राफ्टिंग के लिए हरी झंडी नहीं दी गई है।गंगा नदी में एक सितंबर से लेकर 30 जून तक रिवर राफ्टिंग का संचालन होता है। जुलाई और अगस्त महीने में राफ्टिंग का संचालन बंद रहता है।

30 जून 2024 को गंगा में राफ्टिंग का संचालन बंद हो गया था। सितंबर माह को शुरू होने में महज तीन दिन का समय रह गया है, लेकिन पर्यटन विभाग की ओर से अभी तक रीवर राफ्टिंग के लिए कोई तैयारियां नहीं की गई है, इसका कारण गंगा का जलस्तर है।वर्तमान समय में गंगा का जलस्तर काफी बढ़ा हुआ है। उम्मीद है कि 15 सितंबर तक नदी में रिवर राफ्टिंग का संचालन शुरू होगा। नदी का जलस्तर सामान्य रहा तो पर्यटन विभाग की ओर से एक टीम गंगा में रेकी करेगी।

जलस्तर राफ्टिंग के उपयुक्त मिला तो विभाग की ओर से राफ्टिंग संचालन की हरी झंडी मिलेगी।

गौरतलब है कि मुनि की रेती, तपोवन, लक्ष्मण झूला, स्वर्गाश्रम क्षेत्र में करीब 350 राफ्टिंग कंपनियां हैं। देश, विदेश के पर्यटक यहां राफ्टिंग के लिए पहुंचते हैं, जिन्हें राफ्ट संचालक मरीन ड्राइव, शिवपुरी, ब्रह्मपुरी, क्लब हाउस आदि जगहों से राफ्टिंग कराते हैं।

राफ्टिंग शुल्ककौड़ियाला से रामझूला, नीमबीच तक 35 किमी, 2500 रुपयेकौड़ियाला से शिवपुरी, 20 किमी, 1500 रुपयेमरीन ड्राइव से रामझूला, नीमबीच 25 किमी 1500 रुपयेशिवपुरी से रामझूला, नीमबीच 15 किमी 1000 रुपयेमरीन ड्राइव से शिवपुरी 10 किमी 600 रुपयेब्रह्मपुरी से रामझूला, नीमबीच 09 किमी 600 रुपयेक्लब हाउस से रामझूला, नीमबीच 09 किमी 600 रुपयेगंगा नदी का जलस्तर इन दिनों बढ़ा हुआ है। एक सितंबर से रीवर राफ्टिंग का संचालन संभव नहीं है। रेकी की टीम गंगा के जलस्तर का निरीक्षण करेगी, जलस्तर सामान्य रहा तो उसके बाद ही राफ्टिंग का संचालन शुरू होगा।

# पति के इस ओर सोए पत्नी तो घर में बहकर आएगा धन, मैरिड लाइफ में बढ़ेगा सुख



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 30 अगस्त : वास्तु शास्त्र में पति-पत्नी के सोने की दिशा और तरीके के बारे में बताया गया है. साथ ही यह भी बताया गया है कि पत्नी को पति के किस ओर सोना चाहिए. यदि इस नियम का पालन किया जाए तो घर धन-दौलत से भर जाता है, साथ ही वैवाहिक जीवन भी सुखी रहता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार पति-पत्नी का कमरा दक्षिण दिशा की ओर होना चाहिए. साथ ही बेड लकड़ी का होना चाहिए और अच्छी स्थिति में होना चाहिए. टूटे-फूटे बेड पर कभी न सोएं. साथ ही कमरे में हल्के रंगों का उपयोग करें। वास्तु शास्त्र के मुताबिक पत्नी को पति की बाईं तरफ सोना चाहिए. पत्नी का पति के बाईं साइड सोना शुभ होता है. इससे वैवाहिक जीवन सुखी रहता है. साथ ही समृद्धि और संपन्नता बढ़ती है।

पत्नी के पति की बाईं तरफ सोने से पति की किस्मत भी उसका साथ देती है. पति की उम्र लंबी रहती है और उसकी सेहत भी अच्छी रहती है.

धन-दौलत बढ़ती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार जब भगवान शिव ने अर्धनारेश्वर रूप लिया था तब उनके बाएं अंग से ही स्त्री तत्व यानी कि माता पार्वती प्रकट हुईं थीं. इसलिए हिंदू धर्म में पत्नी को वामांगी कहा गया है. यानी कि बाएं अंग की अधिकारी। यही कारण है कि हर शुभ काम में पत्नी, पति के बाईं तरफ बैठती है. बल्कि विवाह संपन्न होते ही दुल्हन को दूल्हे के बाईं ओर बैठाया जाता है, इससे मतलब होता है कि अब वे पति-पत्नी हैं. यही वजह है कि पत्नी को पति के बाईं ओर ही सोना चाहिए। यह भी मान्यता है कि जब यमराज सत्यवान के प्राण हरने आए थे तब वह बाईं ओर से आए थे और सावित्री ने अपने पति की रक्षा कर उनके प्राण बचाए थे। यदि पति-पत्नी सोते समय इस बात का ध्यान रखें तो दोनों का जीवन सुखी रहता है और वे दांपत्य जीवन का पूरा आनंद लेते हैं। यहां दी गई जानकारी सामान्य मान्यताओं और जानकारियों पर आधारित है. ZEE NEWS इसकी पुष्टि नहीं करता है.

# उत्तराखंड : मंकी पॉक्स को लेकर अलर्ट, सभी सीएमओ को स्वास्थ्य विभाग ने दिए ये निर्देश, जानें लक्षण

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून 30 अगस्त : मंकी पॉक्स को एल्कार उत्तराखंड में अलर्ट जारी किया है, बता दें की स्वास्थ्य महकमा भी इस वायरस को लेकर अलर्ट हो गया है। स्वास्थ्य विभाग ने सभी सीएमओ को निगरानी और एहतियात बरतने के निर्देश दिए हैं। हालांकि अभी तक प्रदेश में मंकी पॉक्स का कोई मामला सामने नहीं आया है।

स्वास्थ्य महानिदेशक ने कहा कि मंकी पॉक्स एक वायरल संक्रमण है। जो एक रोगी से दूसरे में फैलता है। अफ्रीका व अन्य देशों की यात्रा करने वाले लोगों की निगरानी की जाए। मरीज में संक्रमण के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल जांच कर उसको आइसोलेट किया जाए। मंकी-पॉक्स से संक्रमित व्यक्ति में , बुखार, चकत्ते एवं लिम्फ नोड्स में सूजन पायी जाती है। मंकी-पॉक्स एक स्व-सीमित (सेल्फ-लिमिटेड) संक्रमण है, जिसके लक्षण 2-4 सप्ताह में समाप्त हो जाते हैं। मंकी-पॉक्स संक्रमण के गंभीर प्रकरण बच्चों में पाए जाते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### चरित्र की पवित्रता एवं संस्कार में शुद्वता श्रेष्ठ जीवन की कुंजी: कुलपति

हरिद्वार। गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय की प्रभारी कुलपति प्रो. हेमलता ने गुरुवार को कहा कि चरित्र की पवित्रता और संस्कार में शुद्धता श्रेष्ठ जीवन की कुंजी है। विचारों के आधार पर जीवन में आने वाली दिक्कतों के समाधान में मदद मिलती है। प्रो. हेमलता राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में दयानंद स्टेडियम परिसर के ध्यान चन्द सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बोल रही थीं। इस दौरान गत सेमेस्टर में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं ने उन्हें सम्मानित किया। प्रो. सुरेन्द्र कुमार ने जीवन में सफलता के लिए शरीर तथा योग के बीच सामंजस्य बनाने की बात कही। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मार्शल आर्ट, कविताएं, गीत तथा संवाद कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रभारी शारीरिक शिक्षा एवं खेल ने अतिथियों का आभार जताया। संचालन डॉ. शिवकुमार चौहान ने किया गया। इस अवसर पर प्रो. सुरेखा राणा, डॉ. विपिन कुमार, डॉ. विपुल भटट, डॉ. प्रणवीर सिंह, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. सुनील कुमार, दुष्यन्त राणा, जीके वैद्य, डॉ.धर्मेन्द्र बालियान, नागेन्द्र राणा, डॉ. गौरव भिंडर, अश्वनी कुमार, सरेन्द्र कुमार, कुलदीप, राजेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

### वार्ड चौबीस के क्षेत्रवासियों ने सुनायी क्षेत्र की समस्या

हरिद्वार। महानगर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुनील सेठी ने वार्ड नंबर 24 में जनता की समस्याएं सुनकर उनके समाधान का भरोसा दिलाया। रणवीर शर्मा और शिवा चौहान ने बताया कि वार्ड में जलभराव, टूटी सड़कों और पथ प्रकाश की समस्या है। निगम में शामिल होने के बाद भी सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। इन व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जाए। मणिकांत शर्मा, आशीष वर्मा ने बताया कि रुकमणी धर्मशाला के सामने जलभराव की समस्या दूर की जाए। वार्ड में सीवर के चेंबर और सड़कें टूटी हुई हैं। राज वर्मा ने बताया कि पथ प्रकाश की समुचित व्यवस्था नहीं होने से राक्षि में चोरी का डर लगा रहता है।

### राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने दिखाया दम

हरिद्वार। भूपतवाला स्थित बीएम डीएवी पब्लिक स्कूल परिसर में डीएवी मैनेजमेंट कमेटी के तत्वावधान में गुरुवार को राज्य स्तरीय एक दिवसीय ताइक्वांडो, वुशू व टेबल टेनिस प्रतियोगीता का आयोजन किया गया। जिसमें डीएवी बाजपुर, काशीपुर, हल्द्वानी, डीएवी सेंटनरी पब्लिक स्कूल जगजीतपुर, डीएवी कोटद्वार और बीएमडीएवी भूपतवाला के अस्सी छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि जिला ताइक्वांडो संघ चीफ टेक्निकल डायरेक्टर याकूब, प्रियंका, नगमा, रिद्धिमान, देवेश कौशिक और तीलू रौतेला थे। मुख्य अतिथियों का स्वागत बीएम डीएवी की प्रधानाचार्या लीना भाटिया व छात्र प्रमुख ने पौधा देकर किया। प्रतियोगिता के तहत ताइक्वांडो में बीएम डीएवी ने 5 स्वर्ण और 3 रजत पदक जीते। वहीं डीएवी कोटद्वार ने 2 स्वर्ण और 2 रजत पदक जीते। डीएवी जगजीतपुर ने 1 स्वर्ण, 2 रजत व 1 कांस्य पदक जीता। डीएवी हल्द्वानी ने 2 स्वर्ण, 2 रजत पदक व जीते और डीएवी बाजपुर ने 1 रजत जीता।

### शिविर में दिव्यांगों को प्रमाण पत्र जारी किए

हरिद्वार। प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत जनजाति बाहुल्य ग्राम रसूलपुर बारात घर में बहुउद्देशिय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 10 विभागों ने कैंप के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याएं सुनी एवं जनजाति से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी। अनुसूचित जनजाति बाहुल्य ग्रामों में 27 अगस्त 2024 से 6 सितंबर 2024 के मध्य पांच कैंपों का आयोजन विभिन्न स्थानों पर किया जाना है, जिसका उद्देश्य जनजाति के लोगों को बुनियादी सुविधाएं प्रदान करना है। उक्त शिविर में कूल 210 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें किसान सम्मन निधि के 32 आवेदन, राशन कार्ड से संबंधित 9 आवेदन, केसीसी से संबंधित 9 आवेदन, पेंशन संबंधी 10 आवेदन प्राप्त हुए।

### बाजार मांग को ध्यान में रखते हुए कुक्कट पालन को बढ़ावा दिया जाए: डीएम

हरिद्वार। डीएम धीराज सिंह गर्ब्याल ने गुरुवार को विकास भवन सभागार में जिला योजना, स्टेट सेक्टर तथा केन्द्र पोषित व बाह्य सहायतित योजनाओं की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने पशुपालन कुक्कुट पालन को बढ़ावा देने और अधिक चूजे.बांटने के निर्देश दिए। उन्होंने बीडीओ तथा मुख्य पशु चिकित्साधिकारी मदर पोल्ट्री तथा हेचरी विकसित करने के निर्देश दिए। कहा कि बाजार की जरूररत के मुताबिक कड़कनाथ प्रजाति के कुक्कुट पालन को बढ़ावा दें। उन्होंने जनपद में पशुओं के कृत्रिम गर्भाधान को बढ़ावा देने तथा फील्ड में कार्य करने के निर्देश दिए।

# कभी फैशन की दुनिया में दिखाया था जलवा, अब आशीष जोशी ने टॉप किया उत्तराखंड PCS

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

अल्मोड़ा 30 अगस्त : आशीष जोशी ने उत्तराखंड पीसीएस 2021 परीक्षा में प्रथम रैंक प्राप्त की है। अपनी कड़ी मेहनत और लगन से उन्होंने यह सफलता हासिल की है। वर्तमान में आशीष जोशीमठ में नायब तहसीलदार के पद पर कार्यरत हैं। इस उपलब्धि पर उनके परिवार में खुशी का माहौल है। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने पीसीएस 2021 के अंतिम परिणाम की घोषणा कर दी है, जिसमें कुल 296 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। अल्मोड़ा के जगयूड़ा गांव के रहने वाले आशीष जोशी ने पीसीएस 2021 परीक्षा में पहले स्थान पर रहे, जबकि वैभव कांडपाल दूसरे और पंकज भट्ट तीसरे स्थान पर आए हैं।

इस बार 10 अभ्यर्थी डिप्टी कलेक्टर और 10 पुलिस उपाधीक्षक बने हैं। यह परीक्षा 27 फरवरी और 5 अप्रैल को आयोजित की गई थी, जिसमें 1111 अभ्यर्थी सफल हुए थे। साक्षात्कार और मेडिकल के बाद जारी अंतिम परिणाम में कुल 296 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया है, जिनमें 10 अभ्यर्थियों को डिप्टी कलेक्टर के पद पर नियुक्त किया जाएगा। फैशन टेक्नोलॉजी में ग्रेजुएशन के बाद फैशन की दुनिया में चार साल तक चमक बिखेरने वाले आशीष को जनसेवा का जुनून अपने प्रदेश वापस खींच लाया।

पीसीएस 2021 में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले आशीष के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता कोई नई बात नहीं है, बल्कि यह उनकी चौथी सफलता है। इससे पहले वह यूपी, उत्तराखंड की लोअर पीसीएस और उत्तराखंड समीक्षा अधिकारी भर्ती में सफल हो चुके हैं। आशीष की प्रारंभिक शिक्षा भी यहीं से हुई है। वर्तमान में जोशीमठ में नायब तहसीलदार के पद पर कार्यरत आशीष के पिता केसी जोशी बिजली विभाग में जेई के पद से सेवानिवृत्त हैं और मां पुष्पा जोशी गृहिणी हैं। आशीष की चार बहनें हैं जिनमें से सबसे बड़ी गृहिणी हैं, एक असिस्टेंट प्रोफेसर, एक ग्राम विकास अधिकारी और एक सेना में मेजर हैं और आशीष की पत्नी डॉक्टर हैं।



# राष्ट्रीय पुरस्कार पाने वाली एकमात्र शिक्षिका बनीं चमोली की कुसुमलता




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

चमोली 30 अगस्त : उत्तराखंड से एकमात्र चमोली जिले की शिक्षिका कुसुमलता गडिया का चयन राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024 के लिए किया गया है। वे पोखरी ब्लॉक के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत हैं।केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने हाल ही में पुरस्कार के लिए चयनित शिक्षकों की सूची जारी की है। इस पुरस्कार का उद्देश्य उन शिक्षकों को सम्मानित करना है जिन्होंने न केवल अपनी समर्पण और मेहनत से विद्यालयी शिक्षा में सुधार किया है, बल्कि अपने छात्रों के जीवन को भी समृद्ध बनाया है। इस पुरस्कार के लिए उत्तराखंड की एकमात्र नामांकित शिक्षिका कुसुमलता गडिया हैं। शिक्षक दिवस के अवसर पर पांच सितंबर को विज्ञान भवन नई दिल्ली में उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

कुसुमलता शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक पुरस्कार-2023 के लिए भी चुनी जा चुकी हैं। उन्होंने अपने विद्यालय में लर्निंग कॉर्नर, टीएलएम, पेंटिंग, ऑनलाइन क्लास, वाल पेंटिंग और पोस्टर अभियान जैसी गतिविधियों के माध्यम से छात्रों को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान की है। उनका मानना है कि रुचिकर और व्यावहारिक शिक्षा से ही छात्रों को बेहतर शिक्षा मिल सकती है। शिक्षिका कुसुमलता ने बताया कि विद्यालय में समय-समय पर शैक्षिणिक और सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को एक मंच प्रदान करना है ताकि वे अपनी क्षमताओं को विकसित कर सकें और आत्मविश्वास बढ़ा सकें।इसके अतिरिक्त उन्होंने विद्यालय की दीवार पर क्यूआर कोड के माध्यम से शिक्षा का एक नया मॉडल प्रस्तुत किया है। कुसुमलता ने अपने विचार साझा करते हुए कहा 'मेरे लिए परिवार से भी महत्वपूर्ण मेरा विद्यालय है। वर्तमान में डिजिटल शिक्षा की चुनौतियां बढ़ गई हैं और हमें रोजाना अपडेट रहना होता है। मुझे खुशी है कि मुझे हर स्तर पर भरपूर सहयोग मिला है।

## आठ माह बाद भी नहीं बन पाया खड़िया संपर्क मार्ग

रुद्रप्रयाग। फाटा मुख्य बाजार से पूर्व पवन हंस हैलीपेड के समीप राजमार्ग चौड़ीकरण के दौरान ग्राम खड़िया की ओर जाने वाले संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया था। मैखण्डा फाटा के बीच सड़क चौड़ीकरण का कार्य पिछले साल शुरू किया गया। उस दौरान ग्राम खड़िया की ओर जाने वाला संपर्क मार्ग पूर्ण तह क्षतिग्रस्त हो गया था, जिससे ग्रामीणों को लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। मार्ग क्षतिग्रस्त हो जाने से खाट खड़िया और धार गांव के ग्रामीण प्रभावित हुए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के जोड़ने वाले मार्ग पर लोहे की सीढ़ी ग्रामीण ने अपने संसाधनों पर लगाई गई। जिला पंचायत सदस्य त्रियुगीनारायण बबिता सजवाण ने बताया कि जिलाधिकारी के माध्यम से एनएच के अफसरों को पत्र दिया गया था, इसके बाद भी काम नहीं हुआ। ग्रामीण धीरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि ग्रामीण अपने खेतों की ओर भी नहीं जा पा रहे हैं।

## पाबौ गांव में भालू के हमले से एक व्यक्ति घायल

रुद्रप्रयाग। धनपुर पट्टी के पाबौ गांव में एक व्यक्ति को अपने खेत में जाते हुए भालू ने घायल कर दिया। ग्रामीणों के सहयोग से घायल व्यक्ति को जिला चिकित्सालय लाया गया जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। घटना से क्षेत्र में दहशत है। अगस्त्यमुनि ब्लॉक की धनपुर पट्टी में लगातार जंगली जानवरों का आतंक बना है। गुलदार, भालू और जंगली सुअर की निरंतर आवाजाही से क्षेत्र में लोग दहशत में है। गुरुवार सुबह 9 बजे पाबौ गांव के राजेन्द्र सिंह गांव के पास अपने खेतों में मंडवे के खेत में गए थे। इस बीच अचानक भालू ने उन पर हमला कर घायल कर दिया। करीब 15 मिनट तक उनके और भालू के बीच संघर्ष चलता रहा। राजेन्द्र सिंह ने शोर-शराबा किया। उनके चिल्लाने की आवाज सुनकर और ग्रामीण भी वहां पहुंच गए। ग्रामीणों को देखकर भालू भाग गया। भालू ने उनके दोनों पैर और हाथ, चेहरे पर दांत और नाखून से गहरे घाव दिए हैं। स्थानीय ग्रामीणों की सहायता से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां उनका उपचार किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता राकेश मोहन बिष्ट एवं प्रधान देवेश सिंह ने कहा कि आए दिन गांवों में जंगली जानवरों के हमले की घटनाएं हो रही हैं, किंतु वन विभाग ग्रामीणों की सुरक्षा के प्रति गंभीर नहीं है। उन्होंने शीघ्र वन कर्मियों की गश्त लगाने एवं सुरक्षा की मांग की है। साथ ही गंभीर घायल व्यक्ति को उचित मुआवजा देने की भी मांग की है।

## घटिया डामरीकरण से गुस्साए ग्रामीणों ने किया बेडूबगड़-भौंसाल मोटर मार्ग जाम

रुद्रप्रयाग। ग्रामीणों के अनुसार अगस्त्यमुनि ब्लॉक के बेडूबगड़-भौंसाल मोटर मार्ग पर एक महीने पहले डामरीकरण किया गया था। ग्रामीणों का आरोप है कि एक महीने में ही सड़क पर कई जगहों से डामर उखड़ गया। जिससे जगह जगह गड्ढे बन रहे हैं। जिला पंचायत सदस्य कुलदीप कंडारी ने कहा कि सड़क पर कई जगहों पर डामर उखड़ गया है, सड़क पर नाली नहीं बनाई गई है।

## जीआईसी बड़कोट का पुश्ता-बरामदा क्षतिग्रस्त

नई टिहरी। जाखणीधार ब्लॉक के राजकीय इंटर कॉलेज बड़कोट के निर्माणाधीन भवन के आगे का पुश्ता भारी बारिश से क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे भवन को भी खतरा पैदा हो गया है। स्कूल के बरामदे पर भी भूस्खलन से बड़ी-बड़ी दरारें पड़ गई हैं। सुरक्षा दीवार को नुकसान हुआ है। बुधवार रात को भारी बारिश के बाद निर्माणाधीन भवन का पुश्ता, बरामदा क्षतिग्रस्त हो गया। गुरुवार को पीटीए की बैठक के दौरान अध्यक्ष प्रदीप भट्ट और प्रधानाचार्य जयप्रकाश डबराल ने शिक्षकों के साथ स्कूल का निरीक्षण किया। प्रशासन से क्षतिग्रस्त पुश्ते का ट्रीटमेंट करने, बरामदे की मरम्मत और अन्य जरूरी कार्य किए जाने की मांग की है। इस दौरान मकानी देवी, कौंसा देवी, कुशलानंद भट्ट मौजूद थे।

## आपदा प्रभावित गांवों का भूगर्भीय सर्वेक्षण किया

नई टिहरी। घनसाली के आपदा प्रभावित गांवों में गुरुवार को भूगर्भीय टीम ने सर्वेक्षण किया। भूवैज्ञानिक प्रदीप कुमार ने बताया कि डीएम के निर्देश पर आपदा प्रभावित घुत्तू क्षेत्र के ग्राम गवाणा मल्ला, कण्डार मल्ला, चड़ोली , लोम, भटगांव सेमल्थ, रानीढांग तोक अयार गला, जोगियाडा, चंदला, सिंदवाल गांव, वीना गांव मलेथा, भाट गांव, ग्राम बगर, अंकवाण गांव, चक्र गांव, देवलिंग, देवज, केलबागी, लेखवार तोक, नगर कोठियाडा, मेण्डु, सहित 22 गांवों का भूगर्भीय सर्वेक्षण किया जा चुका है। बताया कि प्रभावित गांवों का सर्वेक्षण पूर्ण कर रिपोर्ट शासन को सौंपी जाएगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी। मौके पर नायब तहसीलदार महेशा शाह सहित ग्राम प्रधान व अन्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### कुलपति प्रो बिष्ट ने मुख्यमंत्री धामी से विवि की गतिविधियों पर की चर्चा

अल्मोड़ा। सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सतपाल सिंह बिष्ट ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी से भेंट की। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की। चर्चा के दौरान कुलपति ने मुख्यमंत्री को विश्वविद्यालय में चल रहे निर्माण कार्यों, शोध एवं शिक्षण गतिविधियों के साथ विश्वविद्यालय के अकादमिक, शैक्षणिक, प्रशासनिक कार्यों हेतु आर्थिक सहायता की आवश्यकताओं से अवगत कराया। बताया कि सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में अध्ययनरत अधिसंख्य छात्र-छात्राएँ ग्रामीण पृष्ठभूमि से संबंधित हैं। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि छात्रों के शिक्षण, शोधकार्यों तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए रोजगारपरक शैक्षणिक कार्यक्रमों के संचालन हेतु हर प्रकार की सहायता सुनिश्चित की जाएगी तथा कहा कि वे स्वयं शीघ्र ही विश्वविद्यालय में आकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेंगे। विश्वविद्यालय में कम समय व सीमित संसाधनों में अकादमिक, खेलकूद, शोध एवं शिक्षण कार्यों में उल्लेखनीय प्रगति के लिए मुख्यमंत्री ने कुलपति प्रो सतपाल सिंह बिष्ट की सराहना की। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने कुलपति प्रो बिष्ट को और अधिक ऊर्जा के साथ विश्वविद्यालय हित में कड़े कदम उठाने व प्रशासनिक सुधार हेतु निर्देशित किया।

### धूमधाम से मनाया पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह चौहान का जन्मदिन

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा बारामंडल के पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह चौहान का जन्मदिन उनके समर्थकों ने धूमधाम से मनाया। उनके जन्मदिन के अवसर पर बड़ी संख्या में समर्थकों ने जन्मदिन मनाया। बृहस्पतिवार को पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह चौहान के जन्मदिन पर नगर के एक होटल में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जुटे और कार्यकर्ताओं ने रघुनाथ सिंह चौहान द्वारा अपने कार्यकाल में किए कार्यों की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की। इस दौरान आयोजित गोष्ठी में कार्यकर्ताओं ने कहा कि उनके द्वारा अल्मोड़ा में लम्बे समय तक एक कुशल कार्यकर्ता व विधायक के रूप में नेतृत्व किया गया। अल्मोड़ा के विकास में उनका बहुत बड़ा योगदान है। कहा कि चौहान गरीब, असहाय व जमीनी कार्यकर्ताओं की चिंता करने वाले व्यक्तित्व के रूप में जाने जाते हैं। चौहान के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने केक भी काटा। विदेश प्रवास के चलते पूर्व विधायक चौहान ने वीडियो कॉल के माध्यम से कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से शिरकत की और कार्यकर्ताओं की बधाइयाँ स्वीकार की। यहाँ कार्यक्रम में कोआपरेटिव बैंक के निवर्तमान अध्यक्ष ललित लटवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष कैलाश गुरुरानी, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रकाश बिष्ट, पूर्व महामंत्री मदन बिष्ट, पूर्व जिला मंत्री संदीप श्रीवास्तव, विनीत बिष्ट, रूप सिंह बिष्ट, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य किशन सिंह बिष्ट, हितेश नेगी, राहुल बिष्ट, प्रधान विनोद लटवाल, राजू बिष्ट, नवीन बिष्ट, विपिन बिष्ट आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नकल विरोधी कानून के अब आ रहे नतीजे, रंग ला रही धामी सरकार की मुहिम : मनवीर चौहान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





देहरादून, 30 अगस्त, भाजपा ने कहा कि राज्य में धामी सरकार की सख्त नकलरोधी कानून और सरकार की पारदर्शी परीक्षा प्रक्रिया के नतीजे सामने आने लगे हैं। सरकार के महज तीन साल के कार्यकाल के भीतर जहां समूह ग में 40 फीसद युवाओं ने सरकारी नौकरी की दो से चार परीक्षाएं पास की हैं, वहीं पीसीएस परीक्षा परिणाम के बाद भी पहले से नौकरी कर रहे युवाओं ने परीक्षा पास कर टॉप पदों पर नौकरी पाई है। इनमें अकेले 17 नायब तहसीलदार हैं, जिन्होंने पीसीएस परीक्षा पास की है। ऐसे में यहां अतिश्योक्ति नहीं होगी कि धामी सरकार में प्रतिभावान युवाओं को प्रतिभा से नौकरी पर नौकरी मिल रही है।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि समूह ग में न केवल समय पर परीक्षा और परिणाम बल्कि नियुक्ति पत्र मिलने के राज्य में रिकॉर्ड बन गए हैं। पारदर्शी परीक्षा से 30 से 40 फीसद प्रतिभावान युवाओं ने एक नहीं, बल्कि दो से चार नौकरी की परीक्षा पास की हैं। अकेले यूकेपीएससी की परीक्षाओं में 448 युवाओं ने दो से ज्यादा नौकरी की परीक्षा पास की हैं। जबकि यूकेएसएसएससी में यह संख्या कई गुना ज्यादा है। खासकर पटवारी, क्लर्क, फॉरेस्ट गार्ड, रेंजर से लेकर विभिन्न विभागों में नौकरी पाने में युवाओं ने मेधा का परिचय दिया है। अब पीसीएस परीक्षा का परिणाम जारी हुआ तो यहां भी पहले से नायब तहसीलदार, समीक्षा अधिकारी, आबकारी निरीक्षक, ईओ, शिक्षक जैसे पदों पर कार्यरत अभ्यर्थियों ने एसडीएम, डीएसपी, वित्त अधिकारी आदि टॉप पदों पर परीक्षा पास की है। उन्होंने कहा कि इससे पहले राज्य में नकल करके और सिफारिश से एक ही परिवार को चार चार नौकरी मिलती थी। लेकिन अब कठोर नकलरोधी कानून से एक अभ्यर्थी चार से पांच नौकरी की परीक्षा पास कर प्रतिभा का लोहा मनवा रहा है।

चौहान ने कहा कि राज्य में गत दिवस जारी पीसीएस में प्रतिभावान अभ्यर्थियों ने सफलता के झंडे गाड़ दिए हैं। जोशीमठ में नायब तहसीलदार आशीष जोशी ने महज दो साल के भीतर चौथी नौकरी एसडीएम जैसे पद पर टॉप कर अपनी मेधा का प्रदर्शन किया है।

इसी तरह आबकारी निरीक्षक पंकज भट्ट, अधिशासी अधिकारी वैभव कांडपाल, समीक्षा अधिकारी मुकेश जोशी, बिजनौर में प्रशिक्षु एसडीएम आकांक्षा गुप्ता, अक्षिता भट्ट, नायब तहसीलदार रोबिन राणा, अलकेश नौडियाल आदि ने एसडीएम समेत टॉप पदों पर नौकरी पाई है इनमें अकेले 17 अभ्यर्थी जो पहले से ही नायब तहसीलदार हैं, जिन्होंने पीसीएस परीक्षा पास की हैं। जबकि प्रतिभावान सोनिया सिंह, सौम्य गबर्याल, अनिल रावत जैसे युवाओं की लम्बी फेहरिस्त है, जिन्होंने पहले ही प्रयास में पीसीएस की टॉप नौकरी प्राप्त की है।

चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कमान संभालते ही सबसे पहले नकल माफिया की कमर तोड़ी है। मुख्यमंत्री धामी ने वर्षों से दीमक की तरह मेहनती और काबिलियत रखने वाले युवाओं की नौकरी पर डाका डालने वाले नकल माफियाओं का नेस्तनाबूद किया। करीब 80 से ज्यादा नकल माफियाओं को सलाखों के भीतर डाला। राज्य में देश का सबसे कठोर नकलरोधी कानून लाते हुए युवाओं के हितों की रक्षा पर फैसला लिया। नतीजन, परिणाम भी सबके सामने आने लगे। जो परीक्षाओं में पहले सिफारिश और नकल माफियाओं से एक एक परिवार को चार नौकरी मिलती थी, अब उन नौकरियों में मेहनती और काबिलियत वाले युवाओं को सफलता मिल रही है।

उन्होंने कहा कि इस निर्णय से एक साथ दो से ज्यादा परीक्षाएं पास करने से मनपसंद नौकरी का विकल्प भी मिला। युवाओं को नौकरी मिलने की यह रफ्तार अभी भी जारी है। बहरहाल उत्तराखंड में धामी सरकार के तीन साल के कार्यकाल की उपलब्धियां नौकरी पाने वाले युवाओं के लिए भी महत्वपूर्ण है। पीसीएस, लोअर पीसीएस समेत अन्य पदों पर बड़ी संख्या में युवाओं ने दो से ज्यादा नौकरी की परीक्षा पास की है। आयोग में इस तरह के मामले पहली बार देखे जा रहे हैं। खासकर दो से ज्यादा परीक्षा पास करने वालों की संख्या में इजाफा हो रहा है। पारदर्शी परीक्षा प्रकिया और सख्त नकलरोधी कानून का परिणाम है कि युवाओं को प्रतिभा के अनुरूप नौकरी मिल रही है।

## विधायक व डीएम ने किया जौनपुर ब्लॉक सभागार एवं ब्लॉक रोड का लोकार्पण

नई टिहरी। धनोल्टी विधायक प्रीतम सिंह पंवार और डीएम मूयर दीक्षित ने जौनपुर मुख्यालय थत्यूड़ के ब्लॉक सभागार एवं ब्लॉक रोड का लोकार्पण किया। गुरुवार को जिला प्लान से 25 लाख रुपये की लागत बने सभागार सौन्दर्यीकरण, अतिथि गृह निर्माण एवं मुख्य सड़क से ब्लॉक सभागार तक टाइल्स कार्यों का लोकार्पण किया। ब्लॉक मुख्यालय थत्यूड़ में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों द्वारा जागरूक और सक्रिय होकर क्षेत्र विकास के कार्य किए जा रहे हैं। आगे भी अच्छे जनप्रतिनिधि चुनकर आएं, ताकि क्षेत्र का विकास हो सके। विधायक ने जिला योजना मद से किए गए उक्त कार्यो एवं कार्यक्रम में डीएम के पहुंचने पर कहा कि, इससे जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों का मनोबल बढ़ता है। उन्होंने कार्यक्रम में जन प्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत ब्लॉक सभागार के आंगन का सौन्दर्यीकरण, टीन शेड निर्माण, पेयजल, वन भूमि, आपदा एवं प्राधिकरण से संबंधित प्रकरणों पर प्राथमिकता से कार्य करने की अपेक्षा की। इसके साथ ही क्षेत्र में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित करने को कहा। डीएम मयूरी दीक्षित ने कहा कि, क्षेत्र पंचायत सभागार काफी जीर्णशीर्ण अवस्था में था, जिसका जनप्रतिनिधियों की मांग पर जिला योजना मद से सौन्दर्यीकरण किया गया है। उन्होंने कहा कि, जिला योजना के अंतर्गत क्षेत्र में कई कार्य हुए हैं। आगे भी थत्यूड़ बाजार और आपदा को लेकर कार्य होते रहेंगे। उन्होंने एसडीएम एवं बीडीओ को जनप्रतिनिधियों से अच्छी योजनाओं के प्रस्ताव प्राप्त कर उपलब्ध कराने को कहा। ब्लॉक प्रमुख सीता रावत ने उक्त कार्यों को लेकर विधायक एवं डीएम का आभार जताया। इस मौके पर उपाध्यक्ष जिला पंचायत भोला सिंह परमार, एसडीएम मंजू राजपूत, ईई लोनिवि लोकेश सारस्वत, तहसीलदार राजेंद्र ममगांई, बीडीओ अर्जुन सिंह रावत, सुभाष रमोला, देवेंद्र चमोली, जयप्रकाश नोटियाल, सुंदर सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

## सदस्यता अभियान को पर्व के रूप में मनाए

नई टिहरी। भाजपा नई टिहरी मंडल की सदस्यता अभियान कार्यशाला संपन्न हुई। भाजपा के जिला महामंत्री उदय रावत व नई टिहरी मंडल अध्यक्ष गोपी राम चमोली ने कहा कि मंडल में सभी भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी पूरी तत्परता से सदस्यता अभियान को एक पर्व के रूप में अंजाम देंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी को इस सदस्यता अभियान से और अधिक विस्तार दिया जाएगा। कार्यशाला को पूर्व मंत्री दिनेश धनै और कार्यक्रम संयोजक राम लाल नौटियाल ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने सदस्यता अभियान को एक पर्व के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। जिससे सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी उत्साहित हैं। इस मौके पर विजय कठैत, डॉ. प्रमोद उनियाल, उर्मिला राणा, विमला खड़का, लक्ष्मी रावत, बीना लुकेड़ा, धनीराम, राजेंद्र डबराल, दिनेश पुंडीर, मुनेंद्र भट्ट आदि मौजूद रहे।

## खेल दिवस पर परंपरागत खेलों में किया प्रतिभाग

नई टिहरी। खेल दिवस पर गुरुवार को एनएसएस इकाई सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज उनियालसारी चम्बा के छात्रों ने परंपरागत खेलों का आयोजन किया। मौके पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नारे खेलेगा इंडिया-तभी तो बढ़ेगा इंडिया की मुहिम को आगे बढ़ाने काम किया। छात्रों ने परंपरागत खेलों में जैसे संख्या बनाना व रस्साकसी खेलों में उल्लास के साथ प्रतिभाग किया। सभी खेल विद्यालय के व्यायाम शिक्षक केशवानंद मैठाणी के दिशा निर्देश में खेले गए। इस मौके पर युवा कल्याण विभाग ने चंबा के ब्लाक के ज्येष्ठ प्रमुख संजय मैठाणी ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह परमार, एनएसएस अधिकारी सुरजीत सिंह पुंडीर, युवा कल्याण के अधिकारी सुरेश सिंह गुसाईं, यशपाल रावत, राजेंद्र चौहान, बिजेंदर नेगी, नरेश मोहन भट्ट, राजा चौहान, रविंद्र राणा आदि मौजूद रहे।

## महिला कांग्रेस ने प्रदेश सरकार का पूतला दहन किया

नई टिहरी। महिला अपराधों और उत्पीड़न के खिलाफ रुद्रपुर में प्रदर्शन के दौरान महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला के साथ पुलिस की बर्बरता पूर्ण कार्यवाही से नाराज महिला कांग्रेस ने गुरुवार को प्रदर्शन किया। महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नई टिहरी के हनुमान चौक पर प्रदेश सरकार व पुलिस की खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया। जिला महिला कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारियों सहित कांग्रेस के अन्य पदाधिकारियों ने नई टिहरी के हनुमान चौक पर जुटकर जमकर प्रदेश की भाजपा सरकार व पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। जिसके बाद कांग्रेसियों ने प्रदेश सरकार का पुतला दहन करते हुए प्रदेश सरकार पर उत्पीड़नात्मक कार्यवाही का आरोप लगाया।

महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष आशा रावत, बुद्धीजीवी प्रकोष्ठ की अध्यक्ष ममता उनियाल ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं की रक्षा करने में नाकाम साबित हो रही है। इसके साथ ही महिलाओं के पक्ष में आवाज उठाने वाली प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला के साथ प्रदर्शन के दौरा बर्बरता पूर्ण कार्यवाही पुलिस की मदद से करवाकर प्रदेश सरकार महिलाओं को लेकर अपने बर्बर रूप को उजागर करने का काम कर रही है। भाजपा सरकार महिलाओं को लेकर संवेदनशील नहीं है। जिसका परिणाम है कि राज्य में महिलाओं के मर्डर, बलात्कार व उत्पीड़न के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। जिसे रोकने में प्रदेश सरकार पूरी तरह से नाकाम है। प्रदेश सरकार आवाज उठाने वालों की आवाज को दबाकर साबित कर रही है कि महिलाओं की परेशानी से उनका लेना-देना नहीं है। इस मौके पर अनिता रावत, अनिता शाह, सुषमा दुमोगा, तनीशा, कल्पना, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश राणा, देवेंद्र नौडियाल, विजय गुनसौला, मुर्शरफ अली, गब्बर सहित सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस से जुड़े लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### धूमधाम के साथ मनाई जाएगी पंत जयंती

बागेश्वर। भारत रत्न पं.गोविन्द बल्लभ पंत की 137वीं जयंती धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। 10 सितंबर पंत जयंती मनाने को लेकर गुरुवार को अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल ने अधिकारियों व गणमान्य लोगों के साथ बैठक की। पंत जयंती को भव्य रूप से मनाए जाने को लेकर रूपरेखा तय की गई। तथा विभिन्न विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में तय हुआ कि लोनोवि तिराहा पंत जी की मूर्ति पर सुबह नौ बजे माल्यार्पण कार्यक्रम होगा। उसके बाद दस बजे चौक बाजार में अन्य कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित होंगे। जनपद के सभी कार्यालयों में पंत जी के चित्र पर माल्यार्पण किया जाएगा। अपर जिलाधिकारी ने पंत पार्क की सफाई करने के निर्देश ईओ नगर पालिका को दिए तथा रंगरोगन का कार्य लोनिवि द्वार किया जाएगा। चौक बाजार कार्यक्रम स्थल की सफाई, टैंट, कुर्सी, माइक आदि की व्यवस्था नगर पालिका द्वारा सुनिश्चित की जायेगी। पंत जयंती के अवसर पर काव्य गोष्ठी का भी आयोजन किया जायेगा। बैठक में उपजिलाधिकारी मोनिका, ईओ हयात सिंह परिहार, दीप जोशी, नरेंद्र खेतवाल, दलीप खेतवाल, इंद्र सिंह परिहार, गोविंद सिंह भंडारी, किशन सिंह मलड़ा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### दो साल से पार्किंग निर्माण पूरा नहीं होने पर कांग्रेस नाराज

बागेश्वर। नगर की समस्याओं को दूर करने की मांग को लेकर कांग्रेस मुखर हो गई है। 51 ज्वलंत समस्याओं को लेकर कार्यकर्ताओं ने एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। जिसमें गरुड़ मार्ग पर दो साल से बहुमंजिली पार्किंग निर्माण पूरा नहीं होने पर नाराजगी जताई। बागेश्वर-ताकुला मार्ग पर सड़क किनारे कटे चीड़ के पेड़ नहीं हटाए जाने पर गुस्से का इजहार किया। जल्द समस्याओं के समाधान की मांग की। जिला महामंत्री कवि जोशी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता गुरुवार को एसडीएम मोनिका से मिले। उन्हें सीएम के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में व्यापारियों से लिया जा रहा यूजर चार्ज वापस लेने, नगर क्षेत्र की सभी नालियों को खोलने, नदी गांव मे बना रेनबसेरा का कार्य पूरा करने, कूड़ा निस्तारण के लिए डंपिंग जोन बनाने, चयनित भूमि में स्लाटर हाउस व मीट मार्केट बनाने, मंडलसेरा में 11 करोड़ की पेयजल योजना का लाभ देने, जिला अस्पताल में हो रहे काम की जांच कराने, आरोग्य मंदिरों में सीएचओ की तैनाती करने, एक साल से बंद जन औषधि केंद्र खुलवाने आदि की मांग की गई। इस मौके पर पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, हरीश ऐठानी, बसंत कुमार, हरीश त्रिकोटी, गोकुल परिहार मौजूद थे।

### समय सीमा के भीतर करें शत-प्रतिशत कार्य

बागेश्वर। सीडीओ आरसी तिवारी ने विकास भवन में मनरेगा के तहत आधार बेस पेमैंट सिस्टम, सोशल ऑडिट के प्रकरणों का निस्तारण, कार्यपूर्ति दर व मेरा गांव मेरी सड़क की लम्बित सड़को आदि विभिन्न मानको प्रगति की समीक्षा की। ग्राम विकास अधिकारियों, ग्राम रोजगार सेवकों एवं कनिष्ठ अभियन्ताओं को उनकी विभिन्न मानकों में प्रगति से अवगत कराते हुए सभी मानकों में अपेक्षित गति लाने के निर्देश देते हुए कार्यों में गति लाने के लिए समय सीमा निर्धारित की गई। साथ ही निर्धारित समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत पूर्ति लाये जाने के कड़े निर्देश दिए गए। सीडीओ ने सोशल ऑडिट के लंबित प्रकरणों के निस्तारण एवं एबीपीएस के लिए श्रमिकों को एबीपीएस में परिवर्तित करने को 10 दिन की समय सीमा निर्धारित की गई। वित्तीय वर्ष 2022-23 में स्वीकृत मेरा गांव मेरी सड़क योजनान्तर्गत जिले की तीन सड़कों को एक माह के भीतर पूर्ण कर शत-प्रतिशत व्यय करें। इसी प्रकार मनरेगा के तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 तक के कुल 1399 कार्य प्रगति पर हैं।

# हरिद्वार मामले में तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है कांग्रेस : ख़ज़ान दास

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



देहरादून 30 अगस्त, भाजपा ने कांग्रेस पर तुष्टिकरण की नीति अपनाते हुए हरिद्वार प्रकरण पर राजनीति करने का आरोप लगाया है। बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता पूर्व मंत्री ख़ज़ान दास ने कटाक्ष किया कि एक तरफ कांग्रेस विधायक हरीश धामी क्षेत्रीय विकास के लिए मुख्यमंत्री से मुलाकात करते हैं और उनका नेतृत्व वर्ग विशेष के तुष्टिकरण के लिए उत्सुकता दिखा रहा है। दरअसल कांग्रेस में अपने कोर वोट बैंक का बड़ा नेता साबित करने की ऐसी होड़ है कि उन्हे सीएम से मुलाकात के बाद 24 घंटे इंतजार करना भी भारी लगा और आंदोलन की घोषणा कर दी।

इस पूरे विषय पर पार्टी का स्पष्ट मत है कि सभी को निष्पक्ष कानूनी प्रक्रिया में पूरा सहयोग करना चाहिए। किसी की भी मौत का होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण होता है, लेकिन बिना पुख्ता तथ्यों को जाने, जांच प्रक्रिया पर ही सवाल खड़े करना किसी भी तरीके से उचित नहीं कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी जानते हैं कि तुष्टिकरण की राजनीति के तहत कांग्रेस नेता इस प्रकरण का राजनैतिक लाभ लेनें के लिए वर्ग विशेष में भ्रम फैलाकर माहौल खराब करना चाहती हैं । क्योंकि पुलिस की तरफ से मृतक को लेकर अब तक जो भी बयान सामने आए हैं वह बेहद गंभीर हैं । हालांकि हमें मालूम है कि गौकशी जैसी किसी भी ऐसी सनातन विरोधी घटना पर कांग्रेस का रुख नकारात्मक रहना तय है।

उन्होंने हैरानी जताई कि कल ही मुख्यमंत्री से कांग्रेस के सभी बड़े विधायकों ने मुलाकात कर जांच की मांग की है और अब 24 घंटे का इंतजार किए बिना ही, वोट बैंक की राजनीति को तरजीह देते हुए आंदोलन करने की घोषणा की है।

कांग्रेस का यह रवैया स्पष्ट करता है कि मुख्यमंत्री या किसी अधिकारी से उनकी मुलाकात पूरी तरह ढोंग थी और वे पहले से ही रणनीति के तहत इस घटनाक्रम पर आगे बढ़ रही है। अफसोस जो कांग्रेस सीबीआई समेत तमाम केंद्रीय जांच एजेंसी पर सवाल खड़े करती थी आज वही तमाम प्रकरणों की जांच सीबीआई से कराने पर आमादा है। क्योंकि कांग्रेस इस घटनाक्रम को लेकर जल्दी न्याय के पक्ष में नहीं है । बल्कि इसे ज्वलंत रखते हुए, इसकी आंच पर अपनी राजनीतिक रोटियां सीखना चाहती है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भाजपा सरकार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में कानून व्यवस्था को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है और बिना किसी राजनैतिक दबाव के, इस पूरे प्रकरण की भी विस्तृत जांच के बाद सभी आवश्यक करवाई करेगी।

## संपादकीय



## ‘बहुत हो गया’ के मायने

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बेटियों और महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर एक मार्मिक और अभूतपूर्व प्रतिक्रिया दी है। ‘अभूतपूर्व’ इसलिए है, क्योंकि देश के महामहिम अक्सर कोई सार्वजनिक बयान नहीं देते। राष्ट्रपति केंद्रीय कैबिनेट की सलाह पर ही काम करते हैं। संभवतः तीन पन्नों की यह प्रतिक्रिया सार्वजनिक करने से पूर्व राष्ट्रपति कार्यालय ने इसे प्रधानमंत्री दफ्तर भेजा हो और फिर कैबिनेट की संस्तुति के बाद यह पत्र देश के सामने आया हो! राष्ट्रपति ने अपनी मनःस्थिति बयां करते हुए अपनी निराशा, हताशा और भय का इजहार भी किया है। कल्पना की जा सकती है कि महिलाओं के खिलाफ बर्बर, पाशविक अपराधों ने राष्ट्रपति को कितना झकझोर दिया होगा कि उन्हें कहना पड़ा-‘बस, अब बहुत हो गया।’ एक राष्ट्र के तौर पर यह शर्मनाक और कलंकित स्थिति है कि राष्ट्रपति को लिखना पड़ा-‘किंडरगार्टन की बच्चियों के साथ भी दरिंदगी की जा रही है। आज देश गुस्से में है और मैं भी...।’ अब एक समाज के रूप में हम अपने आप से कुछ कठिन सवाल पूछें। राष्ट्रपति मुर्मू ने सवाल किया है कि 2012 में निर्भया कांड के बाद पूरा देश आंदोलित हो उठा था, लेकिन फिर लोगों ने यौन अपराधों को भुला दिया। क्या हमने यही सबक सीखा था? क्या हम ‘सामूहिक स्मृतिलोप’ के शिकार हैं? यह दुखद है और घिनौना भी है।’ दरअसल राष्ट्रपति ने समाचार एजेंसी ‘पीटीआई’ के संपादकों से बातचीत की थी। बाद में उन्होंने तीन पन्नों का पत्र उन्हें लिखा। राष्ट्रपति ने उसमें उल्लेख किया है कि ‘रक्षा बंधन’ मनाने कुछ बच्चे ‘राष्ट्रपति भवन’ आए थे। उन्होंने ‘निर्भया कांड’ जैसी घटनाओं के मद्देनजर मुझसे सवाल पूछे। मैंने उन्हें ‘मार्शल आट्र्स’ की ट्रेनिंग के बारे में बताया। हालांकि मैं जानती थी कि यह सुरक्षा की गारंटी नहीं है, लेकिन अब उन बच्चों के सवालों के जवाब समाज ही दे सकता है। किसी भी सभ्य समाज में बेटियों, महिलाओं के खिलाफ ऐसे जघन्य अपराध स्वीकार्य नहीं हैं, बर्दाश्त नहीं किए जा सकते। हमें ईमानदार, निष्पक्ष आत्म-निरीक्षण की जरूरत है। अब हम न केवल इतिहास का सामना करें, बल्कि अपनी आत्मा के भीतर भी झांकें और इन अपराधों के कारणों की जांच करें। कोलकाता में एक तरफ प्रदर्शन हो रहे थे, दूसरी तरफ अपराधी भी घूम रहे थे। महिलाओं को कमतर आंकना भी घृणित मानसिकता है। कोलकाता कांड ने राष्ट्रपति मुर्मू के मानस को झकझोरा होगा, लेकिन उन्होंने देश भर में बढ़ते बलात्कारों और हत्याओं के प्रति अपनी चिंता और सरोकार जताया है।\बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और विपक्ष के अन्य राजनीतिक दलों को इस पत्र से चिढना नहीं चाहिए अथवा ‘राजनीतिक पत्र’ नहीं आंकना चाहिए। हम अब एक परिपक्व गणतंत्र हैं, लिहाजा राष्ट्रपति के ऐसे सार्वजनिक कथन पर विचार करना चाहिए। चूंकि भारत के राष्ट्रपति ने पत्र लिख कर देश के हालात पर निराशा और पीड़ा जताई है, जाहिर है कि शेष विश्व भी यह पत्र पढ़ेगा और एकबारगी सोचेगा कि क्या भारत बलात्कारियों का देश है? भारत का अपमान होगा, उसकी छवि पर कालिख पुतेगी, क्योंकि राष्ट्रपति ने ही क्षोभ जताया है। हालात इस पराकाष्ठा तक पहुंच चुके हैं कि राष्ट्रपति को कहना पड़ा है-‘बस, अब बहुत हो गया।’ राष्ट्रपति के इस कथन की अलग-अलग व्याख्याएं की जा सकती हैं। इसे बंगाल में अनुच्छेद 356 के तहत राष्ट्रपति शासन लगाने की पृष्ठभूमि माना जा सकता है, लेकिन किसी भी राष्ट्रपति ने अनुच्छेद 356 चस्पां करने के संकेत तक भी सार्वजनिक नहीं किए हैं। ऐसा पत्र लिखना तो बहुत बड़ी बात है। यदि बंगाल में कोई कार्रवाई करनी है, तो उससे पहले मणिपुर पर भी सोचना पड़ेगा। उप्र, बिहार, राजस्थान, महाराष्ट्र को भी नहीं छोड़ सकते, हालांकि इन राज्यों में ऐसी अराजकता नहीं फैली और न ही संवैधानिक नाकामी जैसी टिप्पणियां अदालत को करनी पड़ीं। मणिपुर की स्थिति वाकई विस्फोटक और नंगी रही है। वहां तो महिलाओं को वस्त्रहीन कर घुमाया गया है, बलात्कार की स्थितियां बाद में आती हैं। वहां तो शोषण और अत्याचार में महिलाएं ही महिलाओं के खिलाफ थीं।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**
**संपादक : मौ.सलीम सैफी** न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002
**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## बैडमिंटन में अनन्या, कादंबरी ने जीता खिताब

देहरादून। द हेरिटेज स्कूल में गुरुवार को अंतरसदनीय सीनियर एवं जूनियर गर्ल्स बैडमिंटन प्रतियोगिता के फाइनल मैच खेले गए। सीनियर वर्ग में मंदाकिनी हाउस और शिवालिक हाउस के बीच मैच खेला गया। इसमें शिवालिक हाउस की अनन्या बिष्ट ने विपक्षी खिलाड़ी को 15-8 से पराजित किया। जबकि जूनियर वर्ग में मोनाल हाउस और शिवालिक हाउस के बीच खेले गए मैच में एकतरफा मुकाबले में शिवालिक हाउस की कादम्बरी गुसाईं ने 11-2 के अंतर से जीत दर्ज की। मौके पर स्कूल के चेयरमैन चौधरी अवधेश कुमार, निदेशक विक्रांत चौधरी, काउंसलर चारु चौधरी, प्रधानाचार्य डाक्टर अंजू त्यागी आदि मौजूद थे।

## बेसहारा मरीजों का मुफ्त इलाज कराया

देहरादून। दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दो बेसहारा मरीजों का छोटी सी दुनिया चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से मुफ्त इलाज कराया गया। संस्थापक अध्यक्ष विजय राज ने बताया कि दो मरीजों बलराम उम्र 65 वर्ष एवं एक अज्ञात उम्र 50 वर्ष को 108 एंबुलेंस से यहां भर्ती कराया गया। जिसके बाद संस्था के सहयोग से अस्पताल के डॉक्टरों ने बेहतर उपचार दिया। गुरुवार को अस्पताल से उनके ठीक होने पर उन्हें अपना घर शुक्रताल मुजफ्फरनगर भेजा गया। दून को मिले वरिष्ठ फिजिशियन दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल को वरिष्ठ फिजिशियन मिल गए हैं। हॉल ही में प्रोफेसर बने डॉ. विवेकानंद सत्यावली ने हल्द्वानी से यहां ज्वाइन कर लिया है। वरिष्ठता के आधार पर वह मेडिसिन विभाग के एचओडी भी होंगे। इस संबंध में जल्द प्राचार्य आदेश कर सकती है। उधर, बॉयोकेमेस्ट्री, माइक्राबॉयोलॉजी एवं सर्जरी में एचओडी का आदेश होना है।

## राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हॉकी प्रतियोगिता आयोजित

अल्मोड़ा। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विक्टोरिया क्लब अल्मोड़ा द्वारा अंतर विद्यालयी हॉकी प्रतियोगिता का दो दिवसीय आयोजन किया गया। आर्मी ग्राउंड में आयोजित इस प्रतियोगिता में फाइनल मैच के मुख्य अतिथि राजपूत राइफल्स के कैप्टन अमनदीप ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर दोनों टीमों के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए खेल के प्रति जागरूक होने व खेल से खिलाड़ियों के शारीरिक, मानसिक व राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपाइयों ने श्रम विभाग कार्यालय पर किया प्रदर्शन

देहरादून। भाजपाइयों ने गुरुवार को अजबपुर स्थित श्रम विभाग कार्यालय पर प्रदर्शन सरकार श्रम आयुक्त का घेराव किया। उन्होंने विभाग पर अपात्र लोगों के श्रमिक कार्ड बनाकर सामान वितरण करने का आरोप लगाया। आक्रोशित भाजपाइयों ने श्रमिक कार्ड के साथ ही उस पर दिए गए सामान की जांच करवाने की मांग की है। भाजपाइयों ने आरोप लगाया कि श्रम विभाग की ओर से अपात्र लोगों के श्रमिक कार्ड बनाए जा रहे हैं। कार्ड बनाने के बाद उनको सामान वितरत कर सरकारी धन की बंदरबांट की जा रही है। यह खेल विभागीय अधिकारियों के साथ मिलकर हो रहा है। जबकि पात्र लोग श्रमिक कार्ड बनाने के लिए दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। उन्होंने श्रमिक कार्डों की जांच करने की मांग की है। इसके साथ ही दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्रदर्शन करने वालों में निवर्तमान पार्षद राजकुमार कक्कड़, सतीश कश्यप, दिनेश सती, आलोक कुमार, दर्शनलाल बिंजोला, गणेश बर्थवाल, सोनू कुमार, महिपाल धीमान आदि मौजूद रहे।

### वीपीएड प्रशिक्षित बेरोजगारों ने शिक्षा मंत्री आवास के बाहर किया प्रदर्शन

देहरादून। वीपीएड प्रशिक्षित बेरोजगारों ने गुरुवार को यमुना कॉलोनी स्थिति शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत के आवास के बाहर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रशिक्षित बेरोजगारों ने खेल मंत्री रेखा आर्या के न मिलने पर भी नाराजगी जताई। विदित है कि राज्य के वीपीएड प्रशिक्षित लंबे समय से स्कूलों में व्यायाम शिक्षकों की तैनाती की मांग कर रहे हैं। इस संदर्भ में एक प्रस्ताव भी तैयार किया गया है लेकिन लंबे समय से इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है। इससे नाराज प्रशिक्षित बेरोजगार गुरुवार को यमुना कॉलोनी स्थित शिक्षा मंत्री के आवास पर पहुंचे। लेकिन शिक्षा मंत्री के बाहर होने की वजह से शिक्षा मंत्री मिल नहीं पाए। इसके बाद प्रशिक्षित बेरोजगारों ने खेल मंत्री रेखा आर्या से मुलाकात के प्रयास किए। मिलने का समय भी मिला लेकिन मुलाकात नहीं हो पाई। इसके बाद प्रशिक्षित बेरोजगारों ने शिक्षा मंत्री के आवास के बाहर धरना दिया और प्रदर्शन भी किया। उन्होंने कहा कि लंबे समय से उनकी नियुक्ति संबंधी मांग को लटकाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्कूल में व्यायाम शिक्षक की तैनाती के प्रस्ताव को कैबिनेट में मूजर कराया जाए। ऐसा न होने पर उन्होंने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष जगदीश चंद्र पांडे, संजय कोरंगा, संजू त्रिपाठी, गिरीश मिश्रा, अमित राज, मातबर भारती, सुरेंद्र धीमान, कृपाल सिंह, दीपक जोशी, सुमन, बर्फियालाल, भूपेश कुमार, सुमन नेगी, अजय, पंकज, अनूप तिवारी सहित अनेक प्रशिक्षित बेरोजगार मौजूद रहे।

### दृष्टिहीनता का बोझ कम करना हम सबकी जिम्मेदारी : डॉ. शांति पांडेय

देहरादून। दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल के नेत्र रोग विभाग में गुरुवार को नेत्रदान पखवाड़े के तहत गुरुवार को जागरूकता कार्यक्रम किया गया। एचओडी डॉ. शांति पांडेय ने बताया कि इस वर्ष की थीम सभी के लिए दृष्टि, दृष्टि का उपहार है। कहा कि दृष्टिहीनता का बोझ कम करने की जिम्मेदारी हम सभी की है। उन्होंने लोगों से ज्यादा से ज्यादा जागरूकता फैलाने की अपील की। कहा कि चिकित्सा विज्ञान में प्रगति के साथ कॉर्नियल ट्रांसप्लांटेशन एक अत्यधिक सफल प्रक्रिया बन गई है। जरूरत और दान की जाने वाली कॉर्नियाओं की संख्या के बीच का काफी अंतर है। इस चुनौती को भी जागरूकता से दूर कर सकते हैं। लोगों से नेत्रदान को बढ़ाने की अपील की गई। जल्द ही यहां नेत्रबैंक एवं कॉर्निया ट्रांसप्लांट शुरू होगा। इस दौरान इस दौरान डॉ. नीरज सारस्वत, डॉ. हिमानी पाल, डॉ. दुष्यंत उपाध्याय, डॉ. कनिष्क जोशी, डॉ. गौरव कुमार, डॉ. सायमा मलिक, डॉ. दिव्या आदि मौजूद रहे।

### ठगों का शिकार होने से बचे डॉक्टर खन्ना

देहरादून। नगर निगम के मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खन्ना ठगी का शिकार होने से बच गए। उन्होंने बताया कि गुरुवार सुबह उनको व्हाट्सऐप कॉल आई। जिसमें कहा गया कि आपकी बेटी को लखनऊ में गिरफ्तार किया गया और बेटी को छुड़वाने के लिए 80 हजार रुपये की डिमांड की। लेकिन डॉ. खन्ना को ठग होने का आभास हुआ है तो उन्होंने ठगों का फोन काट दिया। साथ ही साइबर क्राइम में इस घटना की शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

### स्मार्ट सिटी के आधे-अधूरे निर्माण पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

देहरादून। नगर निगम चुनाव तैयारियों को लेकर आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं ने स्मार्ट सिटी के आधे-अधूरे निर्माण कार्यों पर सवाल उठाए। गुरुवार को आकाशदीप कॉलोनी में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेश महामंत्री नवीन जोशी ने कहा कि इस बरसात ने स्मार्ट सिटी के कामों की पोल खोलकर रख दी है। जनसंवाद कार्यक्रम में नेताओं ने नगर निगम देहरादून के विकास का रोडमैप सामने रखा। कहा कि स्मार्ट सिटी की खामियों को हर कोई समझ रहा है, लेकिन उन्हें दूर नहीं किया जा रहा है। कांग्रेस इसके लिए बेहतर कदम उठाएगी। कांग्रेस नेता नवीन जोशी ने कहा कि जिस तरह के हालत इस बार बरसात में शहर में हो रहे हैं, उससे स्मार्ट सिटी पर खर्च किए गए करोड़ों के बजट की जांच की जानी चाहिए। क्योंकि सड़कें पानी से लबालब भरी हैं, घरों और दुकानों में पानी भर रहा है। शहर की सड़कें टूटी पड़ी हैं। उन्होंने लोगों से निकाय चुनाव में कांग्रेस के लिए समर्थन मांगा। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री अनिल नेगी, प्रदेश प्रवक्ता गिरिराज किशोर हिंदवान, आशीष नौटियाल, यूसुफ खान, रनजीत सिंह, विजेन्द्र सिंह, जीमल अख्तर, सुनील कुमार, भानु प्रताप, शाहीद खान समेत अन्य मौजूद रहे।

### खराब स्ट्रीट लाइटें ठीक करवाने की मांग की

देहरादून। नगर निगम के डांडा लखौंड वार्ड के निवर्तमान पार्षद अभिषेक पंत ने नगर आयुक्त को पत्र लिखा है। उन्होंने वार्ड में खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटें ठीक करवाने की मांग की है। कहा कि लाइटें खराब होने से लोगों को भारी परेशानियां झेलनी पड़ रही है। इसके साथ ही जिन क्षेत्र में अभी लाइटें नहीं लगी है, वहां लाइटें लगाने की मांग की है।

### चोट के बाद भी अल्ट्रासाउंड करने पहुंची डॉक्टर

देहरादून। दून अस्पताल में भर्ती मरीजों के अल्ट्रासाउंड में अव्यवस्था पर लगातार किरकिरी हो रही है। रेडियोलॉजिस्ट डॉ. अवंतिका पैर में चोट लगने की वजह से छुट्टी पर थी। गुरुवार को वह चोट के बावजूद अस्पताल पहुंची एवं करीब 20 भर्ती मरीजों के अल्ट्रासाउंड किए। उधर, बुधवार को प्रभारी एचओडी डॉ. सौरभ सच्चर ने उनके नहीं आने पर अल्ट्रासाउंड किए थे। एमएस डॉ. अनुराग अग्रवाल ने डॉक्टरों की कमी है, लेकिन व्यवस्था बनाकर मरीजों के अल्ट्रासाउंड लगातार करने को निर्देशित किया गया है।

# शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ पौड़ी पुलिस की कड़ी कार्यवाही

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





पौडी पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 02 वाहन चालकों व 03 नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने पर की कड़ी कार्यवाही, अब तक शराब पीकर वाहन चलाने वाले 78 वाहन चालकों एवं 26 नाबालिगों के विरुद्ध की गयी है कार्यवाही।पौड़ी 30 अगस्त : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों व यातायात प्रभारियों को शराब पीकर वाहन चलाने वालों व नाबालिगो के वाहन चलाने के विरुद्ध सघन चैकिंग अभियान चलाते हुए कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

जिसके क्रम में पौड़ी पुलिस टीम ने दौराने चैकिंग 02 वाहन चालक जो शराब पीकर वाहन चला रहे थे के विरूद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही कर चालकों की गिरफ्तारी के साथ-साथ वाहनों को सीज कर चालकों के डी0एल0 निरस्तीकरण की कार्यवाही की गयी साथ ही 03 नाबालिगों के वाहन चलाते समय पकड़े जाने पर उनके परिजनों के विरुद्ध 25 हजार का जुर्माना लगाकर आवश्यक कार्यवाही की गयी।

जनपद पुलिस द्वारा बीते 15 दिवस के भीतर शराब पीकर वाहन चला रहे 78 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही कर चालकों की गिरफ्तारी के साथ-साथ वाहनों को सीज कर चालकों के डी0एल0 निरस्तीकरण की कार्यवाही की गयी साथ ही 26 नाबालिगों के वाहन चलाते समय पकड़े जाने पर उनके परिजनों के विरुद्ध 25 हजार का जुर्माना लगाकर आवश्यक कार्यवाही की गयी। जनपद पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वालों व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही लगातार जारी।

# शांतरशाह बलात्कार और वसीम हत्याकांड की हो सीबीआई जांच : सूर्यकान्त धस्माना

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून, 30 अगस्त , प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने आज झबरेड़ा विधानसभा के अंतर्गत ज्वालापुर थाने के ग्राम सोल्हपुर गाड़ा में विगत 25 अगस्त को तथाकथित गौकशी के मामले में पुलिस की पिटाई व तालाब में डूबने से मारे गए वसीम के घर पहुंचकर उसके परिजनों से मुलाकात की व ग्रामीणों के बीच घोषणा करी गई कि वसीम के परिजनों को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस मामले की सीबीआई जांच हाई कोर्ट के सेटिंग जज की निगरानी में करवाने की मांग के लिए राज्य व केंद्र की सरकार पर दबाव बनाएगी तथा इस मामले पर पार्टी आंदोलन करेगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करण माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य,पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह, सहारनपुर के लोकसभा सांसद काजी इमरान मसूद, मंगलौर विधायक काज़ी निजामुद्दीन, झबरेड़ा विधायक वीरेंद्र जाती, भगवानपुर विधायक ममता राकेश, पिरान कलियर विधायक फुरकान, प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना समेत पार्टी के नेतागण सोल्हपुर गाड़ा मृतक वसीम के घर पहुंचे और मृतक के पिता व अन्य परिजनों से मिले। कांग्रेस नेताओं ने मृतक वसीम व उनके गांव के लोग जो बड़ी संख्या में एकत्रित हो गए थे उन्हें जानकारी दी कि कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल उक्त मामले में मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी व राज्य के पुलिस प्रमुख से मिल कर पूरे मामले की सीबीआई जांच हाई कोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में करवाने की मांग कर चुका है और अब इस मामले पर पार्टी आगामी 1 सितंबर को हरिद्वार के एसएसपी दफ्तर पर प्रदर्शन भी करेगी।

ग्राम प्रधान श्री अनीस के आवास पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने बैठक कर हरिद्वार जनपद व पूरे राज्य में कानून व्यवस्था की लगातार बिगड़ती स्थितियों व राज्य में महिलाओं दलित वर्ग व अल्पसंख्यक समाज के लोगों के खिलाफ बढ़ रहे अपराधों पर गहरी चिंता जाहिर की, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करण माहरा ने सभी वरिष्ठ नेताओं से विचार विमर्श कर लाचार कानून व्यवस्था के खिलाफ राज्य व्यापी आंदोलन शुरू करने की घोषणा की।

ये जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा ने आगामी 31 अगस्त को कानून व्यवस्था पर होने वाले ब्लॉक स्तर पुतला दहन कार्यक्रम के साथ हो उसी दिन रुड़की में शांतरशाह में विगत जून माह में हुए नाबालिग के बलात्कार व निर्मम हत्या मामले में आज तक अपराधियों की गिरफ्तारी न होने के खिलाफ रुड़की एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा। श्री धस्माना ने बताया कि उसके अगले दिन ही एक सितंबर को वसीम हत्या काण्ड मामले की सीबीआई जांच कराए जाने की मांग को लेकर हरिद्वार एसएसपी कार्यालय पर 11 बजे प्रदर्शन किया जाएगा। श्री धस्माना ने बताया कि सहारनपुर के लोकसभा सांसद काजी इमरान मसूद ने कहा कि वे देश के ग्रह मंत्री से इस प्रकरण पर मुलाकात कर सीबीआई जांच की मांग करेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करण माहरा ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था के मामले में गंभीर है और जिस प्रकार से राज्य भर में महिलाओं अल्पसंख्यक समाज के लोगों व अनुसूचित जातियों के लोगों पर हमले हो रहे हैं और सरकार व पुलिस का संरक्षण असामाजिक तत्वों को मिल रहा है यह एक बड़ा चिंता का विषय है और इसको कांग्रेस पार्टी बहुत गंभीरता से ले रही है। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि अपराधी की कोई जाती या धर्म नहीं होता वो मात्र अपराधी होता है और अगर पुलिस जाति धर्म के आधार पर कार्यवाही करेगी तो इस तरह के अपराध घटित होते रहेंगे। नेता प्रतिपक्ष ने कहा ऐसी घटनाओं के खिलाफ कांग्रेस सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी।



## संक्षिप्त खबरें

### फ्लाईओवर के नीचे से अवैध स्टैंड हटे

देहरादून। वसंत विहार क्षेत्र के निवर्तमान पार्षद अंकित अग्रवाल के नेतृत्व में क्षेत्र के लोगों ने गुरुवार को नगर आयुक्त से मुलाकात की। उन्होंने बल्लपुर चौक पर फ्लाईओवर के नीचे से अवैध रूप से चल रहे विक्रम स्टैंड और ठेलियों को हटाने की मांग की है। कहा कि क्षेत्र के लोगा इसका लगातार विरोध कर रहे हैं। यहां विक्रम चालकों द्वारा अभद्र भाषा में बात करना, लड़ाई झगड़ा करना, मारपीट करना, खुले में शराब का सेवन करने से माहौल खराब हो रहा है। इस मौके पर योगेश गुप्ता, कार्तिक गुजराल, लक्ष्य, विराज, तरुण आदि मौजूद रहे।

### उक्रांद वार्षिक अधिवेशन संचालन समिति का गठन

देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल के 15, 16 सितंबर को गैरसैंण में होने वाले वार्षिक अधिवेशन को संचालन समिति का गठन कर दिया गया है। केंद्रीय अध्यक्ष पूरण सिंह कठैत की ओर से संचालन समिति की घोषणा की गई। प्रताप सिंह कुंवर को संयोजक बनाया गया। डीडी पंत, महिपाल पुंडीर, आशीष नेगी, रणजीत शाह, केएल शाह, चंद्रमोहन गढ़िया, अशोक सिंह नेगी सह सहसंयोजक बनाए गए। मंच संचालन का जिम्मा मनोरथ प्रसाद ध्यानी, विजय बौड़ाई, सुशील उनियाल को दिया गया। अनिल थपलियाल, आशुतोष नेगी, देवेंद्र चमोली, दीपक रावत को मीडिया का जिम्मा दिया गया।

### चंद्रबनी के लोगों ने नगर निगम में किया प्रदर्शन

देहरादून। चंद्रबनी वार्ड के लोगों ने खराब स्ट्रीट लाइट को ठीक करने और सफाई व्यवस्था में सुधार को लेकर गुरुवार को नगर निगम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। आक्रोशित लोगों ने अपर नगर आयुक्त से मिलकर कार्यवाही की मांग की है। अपर नगर आयुक्त को बताया कि चंद्रबनी वार्ड में स्ट्रीट लाइटें खराब हैं। सफाई व्यवस्था भी पटरी से उतर गई है। नालियां चोक हैं और सड़कों पर कूड़ा पड़ा हुआ है। कई बार नगर निगम से इसकी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कोई सुधार नहीं हो रहा है। क्षेत्र में फॉगिंग भी नहीं हो रही है, जिससे डेंगू का भी खतरा बना हुआ है। उन्होंने शीघ्र ही खराब पड़ी स्ट्रीट लाइट्स को ठीक करने और सफाई व्यवस्था में सुधार की मांग की है। इस मौके पर निवर्तमान पार्षद सुखबीर बुटोला, मंडल महामंत्री मदन सिंह, आशीष तोमर, अनिल ढकाल, अनीश भटनागर, महेश घोष, अजय गोयल, विलोचन प्रसाद शर्मा, राधेश्याम कश्यप, विकास कश्यप, विजय यादव, जगदीश रतूड़ी, प्रेम सिंह आदि मौजूद रहे।

### मोर्चा से जुड़े कर्मचारियों का काली पट्टी बांध विरोध जारी

देहरादून। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा का पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन गुरुवार को भी जारी है। प्रदेश भर के सरकारी विभागों में कर्मचारियों ने काली पट्टी बांध विरोध जताया। मोर्चा के प्रदेश प्रभारी विक्रम सिंह रावत ने कहा कि पुरानी पेंशन कर्मचारियों का अधिकार है। सरकार की ओर से जो नई यूपीएस स्कीम लाई गई है, वो पूरी तरह कर्मचारी विरोधी है। मोर्चा प्रदेश महामंत्री सीताराम पोखरियाल ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली में कर्मचारियों से किसी भी तरह की कटौती नहीं की जाती थी। एनपीएस और यूपीएस में कर्मचारियों से कटौती की जा रही है। 25 साल की नौकरी के बाद ही कर्मचारियों को यूपीएस का लाभ देने की बात की जा रही है। इस दायरे में उत्तराखंड के हजारों कर्मचारी नहीं आने वाले हैं। क्योंकि उत्तराखंड में बड़ी संख्या में कर्मचारी 40 से 42 वर्ष की उम्र में ही नौकरी पाते हैं। ऐसे में उत्तराखंड के कर्मचारियों को कोई लाभ नहीं मिलने वाला है। सरकार को हर हाल में अक्तूबर 2005 से पहले वाली पुरानी पेंशन की ही स्थिति बहाल करनी होगी। तब तक कर्मचारियों का आंदोलन लगातार तेज किया जाएगा।

### रिटायर आईएएस सुशील शर्मा बने राज्य निर्वाचन आयुक्त

देहरादून। रिटायर आईएएस अफसर सुशील कुमार शर्मा को सरकार ने राज्य निर्वाचन आयुक्त की जिम्मेदारी दे दी है। सचिव पंचायतीराज चंद्रेश यादव की ओर से गुरुवार को इस सम्बन्ध में विधिवत आदेश जारी किए। आदेश होने के बाद आयुक्त पद पर कार्यभार संभाल लिया गया। चंद्रशेखर भट्ट के रिटायर होने के बाद से राज्य निर्वाचन आयुक्त का पद खाली पड़ा है। इस मामले में हाईकोर्ट स्तर से भी सरकार से सवाल किए जा रहे थे। हाईकोर्ट में अगली सुनवाई पांच सितंबर को होने जा रही है।